10 जुलाई, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण


www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 260

केंद्र के सामने
बकाया राशि की मांग
उठायेंगे मुख्यमंत्री





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 10 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# उचित नहीं है बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण पर हाय-तौबा

## ■ चुनाव आयोग की जिम्मेदारी को राजनीतिक मुद्दा बना रहा है महागठबंधन

## ■ मामला सुप्रीम कोर्ट में है, तो फिर बंद जैसे कार्यक्रमों से बिगड़ रहा माहौल

**आजाद सिपाही विशेष**

**बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले का सियासी माहौल बेहद गरम है। इस गरम माहौल की आग में घी का काम कर दिया है चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान ने। वैसे तो हर चुनाव से पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण करना एक नियमित प्रशासनिक कवायद है, लेकिन इस कवायद पर हंगामा पहली बार देखने को मिल रहा है। बिहार की मतदाता सूची का अंतिम गहन पुनरीक्षण 2003 में हुआ था और उसके बाद अब हो रहा है। चुनाव आयोग ने इस बीच में नये मतदाताओं को जोड़ने और दिवंगत हो चुके मतदाताओं का नाम हटाने का काम नियमित रूप से जारी रखा था। इस बार चुनाव आयोग ने गहन पुनरीक्षण अभियान चलाने का फैसला किया, तो विपक्षी महागठबंधन ने हंगामा शुरू कर दिया। मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया है और वहां सुनवाई भी शुरू हो गयी है। ऐसे में बिहार बंद जैसे आंदोलनात्मक कार्यक्रम कर विपक्षी पार्टियों ने पूरी व्यवस्था को बेपटरी कर दिया है। यहां सवाल यह है कि आखिर चुनाव आयोग को उसकी जिम्मेदारियों को पूरा करने से रोक कर विपक्षी पार्टियां क्या साबित करना चाहती हैं। मतदाता सूची तैयार करना चुनाव आयोग का काम है और इसमें अड़ंगा लगाना किसी भी दृष्टिकोण से बाधा उत्पन्न करना सही नहीं कहा जा सकता है। लोकतंत्र में चुनाव से बड़ा और पवित्र कोई दूसरा काम नहीं होता है, इसे सभी को समझना होगा। चुनाव का ही एक अहम हिस्सा मतदाता सूची तैयार करना भी है। यह भी समझना जरूरी है। क्या है बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण का मुद्दा और इसका क्या होगा असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण चल रहा है। यह काम इस महीने के अंत तक पूरा हो जायेगा, लेकिन विपक्षी पार्टियों ने इस काम का विरोध कर राजनीतिक माहौल को गरम कर दिया है। चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ एक तरफ तो सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गयी है, तो दूसरी तरफ बंद जैसे आंदोलन भी शुरू किये गये हैं।

चुनाव आयोग को संविधान से अधिकार मिला हुआ है कि वह समय-समय पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराये और देखा भी गया है कि जब भी चुनाव होते हैं, तो मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाता है। संविधान से मिले अधिकार का ही प्रभाव है कि मतदाता पुनरीक्षण के समय इस कार्य में लगे हुए सभी अधिकारी और कर्मचारी चुनाव आयोग के अधीन हो जाते हैं और इनका तबादला भी कोई सरकार आयोग के अनुमति के बिना नहीं कर सकती है।

मतदाता पुनरीक्षण वैसे तो कभी बड़े पैमाने पर होता है, कभी छोटे पैमाने पर, लेकिन इसका सघन पुनरीक्षण 2003 के बाद नहीं हो सका है। पूर्व में यह सघन पुनरीक्षण पांच या दस साल के अंतराल पर हो जाया करता था। अब ऐसा ही पुनरीक्षण पूरे देश में होना है, लेकिन अभी यह बिहार में चल रहा है और विपक्षी दल हाय-तौबा भी मचाये हुए हैं। उनका आरोप है कि सत्ता पक्ष के इशारे पर यह हो रहा है। यह जानते हुए भी कि चुनाव आयोग अपने अधिकार के अंतर्गत काम कर रहा है, विपक्षी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की है और वहां सुनवाई भी शुरू हो गयी है।

### क्यों हो रहा है आंदोलन

विपक्षी दलों ने जैसे सीएए पर झूठा वितंडा खड़ा करके पूरे देश को आग में झोंकने की कोशिश की थी, वैसा ही माहौल इस बार भी बनाया जा रहा है। विपक्षी दल इस पुनरीक्षण के खिलाफ गुस्से में हैं और मोदी सरकार पर अनर्गल आरोप भी लगा रहे हैं। इन दलों ने बिहार बंद करा कर एक बड़ा आंदोलन खड़ा कर दिया है और जगह-जगह इसके खिलाफ भाषण दे रहे हैं। दरअसल विपक्षी दलों को चिंता इस बात की है कि यदि चुनाव आयोग का अभियान सफल रहा, तो अवैध ढंग से देश में घुस आये लोगों का नाम मतदाता सूची से कट जायेगा, जो उनके वोटर हैं।



### क्या है पुनरीक्षण की प्रक्रिया

पुनरीक्षण के अंतर्गत चुनाव आयोग ने 2003 में मतदाता रहे लोगों को तो वैध मतदाता मान लिया है, लेकिन उसके बाद के मतदाताओं के लिए कुछ विकल्प दे रखा है कि उनका नाम फिर से तभी जुड़ेगा, जब वे कुछ दस्तावेज उपलब्ध करायेंगे। इनमें सबसे आसान विकल्प यह है कि जिसके पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में था, वह यदि वही प्रमाण दे दे, तो पात्र होने पर उसका नाम मतदाता सूची में जुड़ जायेगा और कोई समस्या नहीं आयेगी।

### किन लोगों को है समस्या

इस पुनरीक्षण से समस्या मात्र उनको आयेगी, जो देश में अवैध तरीके से घुस आये हैं और चाहे पैसे देकर चाहे स्थानीय दलालों के माध्यम से मतदाता बन गये हैं। और जब ऐसा अभियान चुनाव आयोग चला रहा है, तो इस पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए, क्योंकि मतदाता बनने का अधिकार केवल वैध नागरिकों को होना चाहिए, न कि घुसपैठियों को। घुसपैठियों का स्थान देश में नहीं, बल्कि जेल में होना चाहिए। उनको सजा मिलनी चाहिए या एक विकल्प यह भी है कि वे जिस देश से आये हैं, वहां वापस चले जायें और वहां की सरकार उनको स्वीकार कर ले।

### गलत है इस मुद्दे पर राजनीति

लोकतंत्र में राजनीति करने का अधिकार हर दल को है और करना भी चाहिए, लेकिन जो दल घुसपैठियों को संरक्षण दे, उसकी तो मान्यता ही समाप्त कर देनी चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य है कि इस देश में ऐसा हो नहीं पा रहा है। भारतीय समाज देश के स्थान पर मानवता को महत्व देता है और रोहिंग्याओं तक को हर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश जारी होते रहते हैं। दयालुता तो होनी चाहिए, लेकिन यदि यह देश की कीमत पर हो, तब तो यह अपराध है। पूरा विश्व साक्षी है कि जिस फ्रांस और ब्रिटेन ने शरणार्थियों को हाथ फैला कर बुलाया, अपने देश में बसाया, अब वही शरणार्थी इन देशों में अराजकता और आगजनी के कारण बन रहे हैं और वहां आये दिन दंगे हो रहे हैं।

भारत में भी पश्चिम बंगाल और बिहार इस बात के लिए बदनाम हैं कि यहां से विदेशी टूरिस्ट वीजा लेकर देश में घुसते हैं और उसके बाद पूरे देश में फैल जाते हैं। ऐसे लोगों का प्रवेश तो सीमा के अभिलेखों में अंकित होता है, लेकिन वापसी का कोई हिसाब-किताब नहीं होता। विपक्षी दलों की पूरी ताकत ही इन घुसपैठियों के संरक्षण में लग रही है।

मतदाता सूची का सघन पुनरीक्षण पूरे देश में होना है और हर नागरिक का दायित्व है कि जो घुसपैठिये मतदाता बन गये हैं, उनकी पहचान कराने में सहयोग करें। लेकिन जो मतदाता नहीं बन पाये हैं, उनकी भी पहचान की जाये। यदि थोड़ा भी राष्ट्र भाव है, तो उसके लिए आगे आना होगा, क्योंकि देश बचा रहेगा, तो हम भी बचे रहेंगे, अन्यथा बांग्लादेश और अफगानिस्तान को तो हम देख ही रहे हैं कि वहां क्या हो रहा है। वोटों के सौदागर इन गद्दारों की ही भूमिका में हैं। यही कारण है कि म्यांमार से चलकर रोहिंग्या सटे हुए देश चीन में नहीं घुसते, बल्कि बंगाल सहित अन्य प्रदेशों के रास्ते पूरे देश में फैल गये हैं और देश की सुरक्षा के लिए संकट बने हुए हैं।

# सरकारी नियम गया तेल लेने, बड़कागांव में बालू कारोबारियों-अफसरों का नियम है लागू

## ■ बड़कागांव से हजारीबाग तक के अफसरों को मैनेज कर किया जाता है अवैध बालू का खेल

## ■ हर महीने 1.2 करोड़ रुपये के सरकारी कर की चोरी कर रहे हैं बालू कारोबारी और अफसर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/बड़कागांव।** झारखंड में एनजीटी के आदेश पर बालू का खनन और ढुलाई पर पाबंदी है, लेकिन यह नियम केवल कागजों पर ही दिखता है। बड़कागांव में ये सारे नियम बालू कारोबारियों के सामने दम तोड़ देते हैं। यहां रोजाना 50 से ज्यादा हाइवा से बालू की ढुलाई की जा रही है। रात के आठ बजते ही यह अवैध कारोबार शुरू हो जाता है। यह सिलसिला पूरी रात बड़कागांव से हजारीबाग और रांची तक जाने वाली सड़कों पर चलता रहता है।

### ऐसे होता है पूरा कारोबार

सूत्रों की मानें तो इस अवैध कारोबार में बड़कागांव प्रखंड से लेकर जिला तक के अफसर शामिल हैं। ये लोग अवैध कारोबारियों से साठ-गांठ कर सरकार को प्रत्येक दिन लाखों रुपये की रॉयल्टी की चपत लगाते हैं। इसके लिए एक सिस्टम बनाया गया है।



### क्या है पूरा सिस्टम

एक चालान से एक हाइवा रात भर में तीन से चार ट्रिप करता है, जिससे दो से तीन ट्रिप के चालान का पैसा बच जाता है। इस रकम की बंदरबांट होती है। एक हाइवा में 450 सीएफटी बालू होता है। बालू की सरकारी कीमत जीएसटी के साथ 7.85 रुपये प्रति सीएफटी है। इस तरह एक हाइवा के लिए एक चालान की कीमत 3532.50 रुपये होती है। इसके अलावा दो रुपये प्रति सीएफटी का शुल्क स्टॉक यार्ड संचालक लेता है। यानी प्रति हाइवा 4432.50 रुपये का चालान होता है, लेकिन इस चालान को 10 हजार रुपये में बेचा जाता है। इतना ही नहीं, हाइवा में 450 सीएफटी की जगह छह सौ सीएफटी बालू लोड कर लिया जाता है, यानी प्रति हाइवा 1178 रुपये का बालू चोरी कर लिया जाता है। एक बार चालान लेने से जहां सरकार को 4432.50 रुपये देने होते हैं, वहीं अवैध रूप से प्रति हाइवा 16 हजार रुपये की कमाई होती है। एक हाइवा रात भर में तीन से चार ट्रिप बालू ढुलाई करता है, तो हर दिन करीब दो से तीन लाख रुपये की अवैध कमाई होती है और इसे कारोबारी से लेकर अफसरों के बीच बांटा जाता है।



### राजनाथ चलाता है पूरा सिस्टम

इस पूरे सिस्टम को राजनाथ नाम का शख्स संचालित करता है। वह प्रत्येक हाइवा से आठ हजार रुपये लेता है। इसमें छह हजार रुपये हजारीबाग पुलिस को, एक हजार रुपये बड़कागांव अनुमंडल पुलिस कार्यालय और एक हजार रुपये बड़कागांव थाना को दिया जाता है।

### चालान कहीं और का बालू कहीं का

बड़कागांव में जितने भी डंपिंग यार्ड हैं, उनमें चालान कहीं और का और बालू कहीं और का रहता है। इसकी पुष्टि तब हुई, जब एक बालू यार्ड संचालक ने बताया कि उक्त चालान बिहार से हंटरगंज आता है और फिर हंटरगंज का चालान बड़कागांव में दिया जाता है। उन्होंने यह भी बताया अगर हम लोग चालान चढ़ाते हैं, तो उसके लिए प्रत्येक सीएफटी में तीन रुपये हजारीबाग माइनिंग को देना होता है। इस प्रकार से एक लाख सीएफटी का तीन लाख चढ़ावा चढ़ाया जाता है। तब जाकर स्टॉक में एक लाख सीएफटी का स्टॉक चढ़ाया जाता है।

### प्रतिबंध के बावजूद हो रहा है खनन

एक अन्य तथ्य यह भी है कि बड़कागांव के सभी बालू घाटों से प्रतिबंध के बावजूद बालू का खनन जारी है। इसके कारण नदियों का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ता जा रहा है। कई पुलों का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है।

10 जुलाई, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 260

पीएम मोदी को दिया गया नामीबिया का सर्वोच्च सम्मान



## देशव्यापी हड़ताल से बैंकिंग सेवाएं ठप

- झारखंड में खनिजों की ढुलाई पर पड़ा असर
- बिहार में महागठबंधन ने किया चक्का जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/पटना/नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा बुधवार को आहूत देशव्यापी हड़ताल का विभिन्न राज्यों में व्यापक असर देखने को मिला। मजदूर संगठनों के साथ-साथ किसान, छात्र और युवा संगठनों ने भी इस बंद का समर्थन करते हुए सड़कों पर प्रदर्शन किया। सार्वजनिक परिवहन बुरी तरह प्रभावित हुआ। बैंकों में कामकाज ठप रहा, जबकि झारखंड में खनिजों की ढुलाई बाधित हुई। उधर बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में महागठबंधन सड़कों पर उतरा और चक्का जाम किया। राजद, कांग्रेस, वाम दलों और पप्पू यादव की पार्टी समेत कुल छह विपक्षी दलों ने बंद बुलाया था। पटना में राहुल, तेजस्वी और मुकेश सहनी जैसे दिग्गज नेताओं का जुटान हुआ। आयकर गोलबंर से चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च किया गया। शहीद स्मारक के पास पुलिस की बैरिकेडिंग को तोड़ने की भी कोशिश की गयी। राहुल गांधी मार्च और भाषण के बाद दिल्ली लौट गये। कई जिलों में बंद समर्थकों ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कहीं ट्रेनें रोक दी गयीं, तो कहीं सड़क पर आगजनी कर आवागमन को बाधित कर दिया गया।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

Euro Kids Pre-School
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## पूर्वी क्षेत्रीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक आज

# केंद्र के सामने बकाया राशि की मांग उठायेंगे मुख्यमंत्री

- गृह मंत्री अमित शाह करेंगे बैठक की अध्यक्षता
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी होंगे शामिल
- झारखंड, ओड़िशा, बिहार और बंगाल के 70 प्रतिनिधि रहेंगे
- बैठक के मद्देनजर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं चाक-चौबंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर की बड़ी बैठक की मेजबानी के लिए तैयार है। रेडिसन ब्लू होटल में 10 जुलाई को आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय राष्ट्रीय परिषद की 27वीं बैठक को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस अहम बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा के प्रतिनिधि मंडल शामिल होंगे। ओड़िशा के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी करेंगे। बैठक में करीब 70 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। यह बैठक पहले मई महीने में प्रस्तावित थी, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बनने के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। बैठक के लिए राज्य प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने राजधानी रांची में कड़े सुरक्षा इंतजाम किये हैं। बैठक की अन्य तैयारियां भी पूरी कर ली गयी हैं।





**पांच क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष हैं गृह मंत्री :** राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15 से 22 के अंतर्गत देश में पांच क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गयी थी। केंद्रीय गृह मंत्री इन पांच क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष हैं।

**1.36 लाख करोड़ की मांग करेंगे सीएम :** सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बैठक के दौरान केंद्र सरकार से झारखंड को मिलने वाली करीब 1.36 लाख करोड़ रुपये की लंबित राशि की मांग करेंगे। इसके साथ ही वह राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त बजटीय सहायता की भी मांग कर सकते हैं।

### कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की संभावना

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सुरक्षा, नक्सलवाद, जल प्रबंधन, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे अहम विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। बैठक का उद्देश्य राज्यों के बीच सहयोग को बढ़ाना और केंद्र के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना है।

### अमित शाह, ओड़िशा के सीएम पहुंचे रांची

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देर रात रांची पहुंचे। हवाई अड्डे पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और अर्जुन मुंडा ने उनका स्वागत किया। ओड़िशा के सीएम और डिप्टी सीएम भी रांची पहुंच गये हैं।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पहुंचे

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के मद्देनजर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी देर रात दिल्ली से रांची पहुंचे। वह पिछले 10 दिन से अपने पिता शिबू सोरेन की देखभाल के सिलसिले में दिल्ली में थे।

**झारखंड से ये होंगे शामिल :** बैठक में झारखंड से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुआ, मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रमुख सचिव (गृह) वंदना दादेल और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता शामिल होंगे।

International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World
सत्यमेव जयते

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक
27th MEETING OF THE EASTERN ZONAL COUNCIL
अन्तर राज्य परिषद सचिवालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार
Inter State Council Secretariat, Ministry of Home Affairs, Government of India
दिनांक: 10 जुलाई, 2025 रांची, झारखण्ड
झारखण्ड में माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, ओडिशा के माननीय मुख्यमंत्री, बिहार और पश्चिम बंगाल के माननीय मंत्रियों तथा भारत सरकार एवं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद के सदस्य राज्यों के प्रतिनिधियों का
हार्दिक स्वागत और जोहार है।
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 356936 (IPRD) 25-26






आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 10 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in




# श्रावणी मेला 2025 : कांवरियों के लिए घर जैसी सुविधा वाली टेंट सिटी बनायी गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्रावणी मेला को लेकर देवघर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। खासकर कांवरियों के ठहराव और सुविधा के लिए कोठिया और बाघमारा में भव्य टेंट सिटी तैयार की गयी है। इन टेंट सिटियों में श्रद्धालुओं को घर जैसी सुविधा दी जा रही है। कोठिया और बाघमारा में बने टेंट सिटी में प्रत्येक 1000 श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की गयी है। यहां बेड, पंखा, स्नानघर, शौचालय, चिकित्सा सेवा, सूचना केंद्र और प्रकाश व्यवस्था की पूरी सुविधा दी गयी है। कोठिया टेंट सिटी के पास 44 शौचालय और स्नानघर भी बनाये गये हैं।

## सुरक्षा और मेडिकल व्यवस्था

दोनों टेंट सिटी के पास मेडिकल कैंप, सूचना केंद्र और पुलिस कैंप की व्यवस्था की गयी है। पुलिस बलों की तैनाती शुरू हो चुकी है और नियमित पेट्रोलिंग की तैयारी की गयी है। सूचना प्रसारण केंद्र भी सक्रिय रहेंगे।



## पर्यटन सूचना केंद्र



कांवरिया पथ में छह स्थानों पर पर्यटन सूचना केंद्र लगाये जा रहे हैं। यहां झारखंड के प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे बासुकीनाथ, रजरप्पा, नेतरहाट, भद्रकाली मंदिर आदि की जानकारी डिजिटल वीडियो और चित्रों के माध्यम से दी जायेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर इस बार प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किये हैं ताकि हर कांवरिया श्रद्धा और सुकून के साथ अपनी यात्रा पूरी कर सकें।

## ट्रैफिक और सुरक्षा नियंत्रण

कोठिया और परित्राण बस स्टैंड से बासुकीनाथ जाने वाले वाहनों के लिए रिखिया और मोहनपुर होते हुए हंसडीहा रूट से भेजने की योजना है। श्रद्धालुओं को मार्ग की जानकारी दी जायेगी। मेले क्षेत्र में करीब 150 सीसीटीवी कैमरे और अकटेक्नोलॉजी से निगरानी की जायेगी।

### रांची में टैक्सपेयर 'हब' कार्यक्रम का शुभारंभ

# राजस्व ही प्रशासन की रीढ़ है : मुख्य आयकर आयुक्त

**बिहार-झारखंड क्षेत्र के करदाताओं के लिए तीन दिवसीय जागरूकता अभियान का पहला दिन संपन्न**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजस्व ही प्रशासन की रीढ़ है। रांची के मुख्य आयकर आयुक्त रंजन कुमार ने टैक्सपेयर हब कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। रांची क्लब परिसर में आयकर विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम टैक्सपेयर हब की शुरूआत झारखंड-बिहार के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त जयंत मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करने और सरस्वती वंदना के बाद हुई।

कार्यक्रम में एडीजी रितू सिंह ने तीन दिवसीय टैक्सपेयर हब पर अपना प्रेजेंटेशन दिया। रांची के मुख्य आयकर आयुक्त रंजन कुमार ने अपने संबोधन में चाणक्य के कर नीति और दर्शन पर चर्चा की। उन्होंने चाणक्य दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि राजस्व (टैक्स) ही प्रशासन की रीढ़ है। इसी से कर नीति को विकास और सार्वजनिक कल्याण के अनुकूल को अधिक महत्व देते हुए निर्धारित की जाती है।

आयकर विभाग द्वारा आयोजित विशेष तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम 'टैक्सपेयर हब' का शुभारंभ बुधवार को रांची क्लब, रांची में हुआ। यह आयोजन बिहार और झारखंड क्षेत्र के करदाताओं के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य करदाताओं में कर प्रणाली की बेहतर समझ विकसित करना, स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देना और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक वर्गों के साथ सहभागिता को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम आगामी दो दिनों (10 और 11 जुलाई) तक जारी रहेगा।

उद्घाटन सत्र में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी), नयी दिल्ली के प्रधान महानिदेशक (प्रशासन एवं करदाता सेवा), प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (बिहार एवं झारखंड), आयकर महानिदेशक (अन्वेषण), पटना, और मुख्य आयकर आयुक्त, रांची सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में करदाता, पेशेवर, व्यापारी, छात्र और आम नागरिक शामिल हुए।

पहले दिन की प्रमुख गतिविधियों में नवीन आयकर बिल 2025, टीडीएस, आयकर रिटर्न अपडेट, कर छूट, शिकायत निवारण प्रणाली और प्रेरक अभियान जैसे विषयों पर विशेष जानकारी सत्र आयोजित किये गये। बड़े उद्योगों, राज्य कर्मियों और व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद सत्र भी सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इसके साथ ही, विद्यालयी छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

क्षेत्रीय अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये गये, जिनमें बार एसोसिएशन, आइसीएआइ और व्यापारिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता देखी गयी। टैक्सपेयर हब केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह नये भारत की नयी कर संस्कृति की ओर एक ठोस प्रयास है। यह पहल पारदर्शिता, सहभागिता और करदाता-सुविधा को केंद्र में रखकर आयकर विभाग की सेवा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह कार्यक्रम आगामी दो दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें और भी विविध गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। विभाग इस नवाचार को देशभर के अन्य हिस्सों में विस्तार देकर एक राष्ट्रीय मॉडल के रूप में विकसित करने का प्रयास कर रहा है।

# चारा घोटाला: झारखंड हाइकोर्ट ने लालू प्रसाद सहित तीन की सजा बढ़ाने की सीबीआइ याचिका स्वीकार की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने चारा घोटाले के देवघर ट्रेजरी से 89 लाख रुपये की फर्जी निकासी मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, बेक जूलियस और सुधीर कुमार भट्टाचार्य की सजा बढ़ाने की सीबीआइ की क्रिमिनल अपील स्वीकार कर ली। न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय और अंबुज नाथ की पीठ ने सीबीआइ की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला लिया।

सीबीआइ ने चारा घोटाले में देवघर ट्रेजरी से हुई अवैध निकासी के मामले में सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश की अदालत द्वारा दी गयी सजा को बढ़ाने के लिए क्रिमनल अपील दायर की थी। इसमें छह दोषियों की सजा बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। इसमें लालू प्रसाद यादव, बेक जूलियस, सुधीर कुमार भट्टाचार्य आरके राणा, फूलचंद सिंह और महेश प्रसाद का नाम था। इसमें से आरके राणा, फूलचंद सिंह और महेश प्रसाद की मौत हो चुकी है। इसलिए बाकी बचे तीन के मामले में सुनवाई हुई। सीबीआइ की ओर से अधिवक्ता दीपक भारती ने दलील पेश की। उन्होंने अदालत से कहा कि सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने चारा घाटोले के कांड संख्या आरसी 64ए/96 में जगदीश शर्मा, को पीसी एक्ट और आइपीसी की धाराओं के तहत सात साल की सजा सुनाई थी। साथ ही 10-10 लाख रुपये का अर्थ दंड भी लगाया था।

लेकिन अदालत ने लालू प्रसाद, बेक जूलियस और सुधीर कुमार भट्टाचार्य को साढ़े तीन तीन साल की सजा सुनायी थी। निचली अदालत द्वारा दी गयी यह सजा कम है। क्योंकि निचली अदालत ने अपने फैसले में यह लिखा है कि लालू प्रसाद के संरक्षण में चारा घोटाले को अंजाम दिया गया। निचली अदालत की ओर से लिखी गयी इस बात के मद्देनजर घोटाले को संरक्षण देने वाले को दी गयी सजा कम है। इसलिए इन आरोपितों को ज्यादा सजा मिलनी चाहिए।

# अदाणी फॉउंडेशन के नेत्र जांच शिविर में छात्राओं की आंखों की जांच हुई


**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची/बड़कागांव (हजारीबाग)।** गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने होरम चंदौल स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इस दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ जीके सिंह और सामान्य चिकित्सक डॉ बीपी श्रीवास्तव ने छात्राओं और स्थानीय ग्रामीणों के नेत्र की जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। दोनों चिकित्सकों ने छात्राओं और अन्य जरूरतमंदों को दवाएं भी वितरित की। इस शिविर में 128 छात्राओं और स्थानीय ग्रामीणों के आंखों की जांच हुई। इसके अलावा 77 छात्राओं के बीच आवश्यक निशुल्क दवाएं भी वितरित की गयी। इस शिविर का उद्देश्य विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के बीच नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और प्रारंभिक स्तर पर समस्याओं की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार प्रदान करना था। इधर, अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के टीबी मरीजों के बीच भी लगातार पोषण किट का वितरण किया जा रहा है। अब तक पांच चरण के तहत 290 मरीजों को गोद लिया गया है, जिसमें से 90 फीसदी स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में 80 मरीजों को हर महीने पोषण किट प्रदान किया जा रहा है।

# एसबीयू और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया मर्सेड में शैक्षणिक करार पर बनी सहमति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, मर्सेड (अमेरिका) के बीच शैक्षणिक करार पर सहमति बनी है। इस आशय से संबंधित पत्र यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया द्वारा एसबीयू को भेजा गया है। एसबीयू के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इससे दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अब शोध, परामर्श, शैक्षणिक और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग हेतु संबंधित गतिविधियों का आदान-प्रदान सुनिश्चित हो सकेगा। अमेरिका के शीर्षस्थ विश्वविद्यालयों में शुमार यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, मर्सेड ऐसा छठा विदेशी विश्वविद्यालय है, जिसके साथ सरला बिरला विश्वविद्यालय का शैक्षणिक करार होगा। हाल ही में एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बैंकॉक (थाईलैंड) से भी विवि ने एमओयू किया है।

इस एमओयू से विभिन्न शोध परियोजनाओं पर संभावित सहयोग, संगोष्ठियों और सम्मेलनों के संयुक्त आयोजन के अलावा संकाय और छात्रों के आदान-प्रदान का अवसर मिल सकेगा। साथ ही दोनों विवि के छात्रों को नवीनतम और अद्यतन जानकारियां मुहैया करवायी जा सकेगी। इससे छात्र शिक्षा की उच्च गुणवत्ता के साथ-साथ एक- दूसरे के सांस्कृतिक मूल्यों को भी आत्मसात कर सकेंगे।

सरला बिरला विश्वविद्यालय की कुलाधिपति जयश्री मोहता, प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, विवि के शासी निकाय के सदस्य अनंत जाटिया, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच एमओयू पर हुई सहमति पर हर्ष व्यक्त किया है।

# सेक्रेड चाइल्ड एकेडेमी में हरित दिवस समारोह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सेक्रेड चाइल्ड एकेडेमी ने 9 जुलाई 2025 को हरित दिवस को बड़ी उत्साह और पर्यावरण की भावना के साथ मनाया। परिसर स्थिरता और प्रकृति के प्रति प्रेम के संदेश को बढ़ावा देने के लिए हरे रंग से जगमगा उठा। दिन की शुरूआत एक विशेष सभा से हुई जहां छात्रों ने वृक्षों, पौधों और स्वच्छ पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भाषण, गीत और कविताएं प्रस्तुत कीं। छात्रों को हरित अभ्यासों में शामिल करने के लिए पौधरोपण, चित्रकला प्रतियोगिताएं और पर्यावरण अनुकूल हस्तशिल्प जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। 100 पौधे जैसे कि कढ़ी, पारिजात, लीची, फूलों आदि बच्चों के बीच वितरित किये गये। प्रधानाचार्य ने छात्रों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की और हमारे दैनिक जीवन में प्रकृति का पोषण करने के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम ने पर्यावरण के संरक्षण के बारे में जागरूकता सफलतापूर्वक पैदा की और उनके मन को कल के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

# महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल ने पटना-डीडीयू रेलखंड का फुटप्लेट निरीक्षण किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पटना-डीडीयू रेलखंड का गाड़ी संख्या 12309 राजेन्द्रनगर-नयी दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस के इंजन में लोको पायलट के साथ फुटप्लेट निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने पटना-डीडीयू रेल खंड पर संरक्षा, मानसून प्रीकॉशंस, सिगनलों की दृश्यता, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक की समुचित बैलास्टिंग, ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन व एलाइनमेंट, कॉशन ऑर्डर एवं ट्रैक फिटिंग्स आदि का निरीक्षण किया। इसके साथ ही लोको पायलट द्वारा स्टेशन एवं लेवल क्रासिंग गेट से गुजरते समय स्टेशन मास्टर/गेटमैन के साथ सिगनल का एक्सचेंज कर रहे हैं या नहीं, कॉशन ऑर्डर का पालन किया जा रहा है या नहीं तथा लोको पायलट द्वारा स्टेशन से बाहर निकलते समय एवं कर्व से गुजरते समय गाड़ी का लुक बैक किया जा रहा है या नहीं, इन सब पहलुओं का भी महाप्रबंधक द्वारा फुटप्लेट के दौरान जायजा लिया गया ।

महाप्रबंधक ने फुटप्लेट के दौरान राजधानी एक्सप्रेस के लोको पायलट तथा सहायक लोको पायलट को संरक्षा नियमों का पालन करते हुए सजगता से कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया।

# प्रथम आरक्षण चार्ट की तैयारी की समीक्षा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोलकाता।** रेलवे बोर्ड द्वारा प्रथम आरक्षण चार्ट की तैयारी की समीक्षा की गयी। निर्णय लिया गया कि जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय प्रातः 05:00 बजे से दोपहर 14:00 बजे के बीच है, उनका प्रथम आरक्षण चार्ट पिछले दिन रात 21:00 बजे तक तैयार किया जायेगा (जहांसंभव हो)। वहीं जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय दोपहर 14:00 बजे से रात 23:59 बजे तक और रात्रि 00:00 बजे से प्रातः 05:00 बजे के बीच है, उनका प्रथम आरक्षण चार्ट प्रस्थान समय से 8 घंटे पहले तैयार किया जायेगा (जहां संभव हो)। द्वितीय आरक्षण चार्ट की तैयारी से संबंधित वर्तमान नियमों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। ये निर्देश दूरस्थ स्थानों पर चार्टिंग के लिए भी मान्य होंगे। उपरोक्त के मद्देनजर, मुख्यालय द्वारा नियंत्रित ट्रेनों के लिए ट्रेन-प्रस्थान अनुसार चार्टिंग शेड्यूल नियोजित किया गया है।

# यशोदा अस्पताल के फेफड़ा प्रत्यारोपण क्लिनिक का शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** यशोदा सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट ने झारखंड के रांची और जमशेदपुर में फेफड़ा प्रत्यारोपण क्लिनिक की शुरूआत की है। इस क्लिनिक के माध्यम से अब राज्य के मरीजों को प्री-ट्रांसप्लांट और पोस्ट-ट्रांसप्लांट फॉलोअप के लिए हैदराबाद जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यशोदा अस्पताल का हार्ट और लंग ट्रांसप्लांट प्रोग्राम वर्ष 2020 में शुरू हुआ था और तब से अब तक 200 से अधिक ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किये जा चुके हैं। ट्रांसप्लांट फिजिशियन डॉ वीमी वर्गीज ने बुधवार को रांची के प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीते पांच वर्षों में अस्पताल के परिणाम राष्ट्रीय स्तर के आंकड़ों की तुलना में कहीं बेहतर रहे हैं और मरीजों की सर्वाइवल दर उल्लेखनीय रूप से अधिक रही है। रांची में यह क्लिनिक कौस्तुभ स्वस्थम मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक, डोरंडा में स्थित है, जहां फेफड़े के प्रत्यारोपण से पहले की जांच और प्रत्यारोपण के बाद की नियमित जांच सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। डॉ वर्गीज ने कहा कि हमारा उद्देश्य पूरे देशभर में ट्रांसप्लांट संबंधी देखभाल को आसान बनाना है, ताकि किसी भी मरीज को केवल फॉलोअप के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े। यशोदा अस्पताल की यह पहल झारखंड और आसपास के राज्यों के मरीजों के लिए राहत का कार्य करेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 10 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# वाइफाइ से युक्त होंगे राज्य के सभी सरकारी अस्पताल

**मरीज और उनके अटेंडेंट कर पायेंगे मुफ्त इंटरनेट सेवा का इस्तेमाल**

**मरीज और अटेंडेंट को होगा लाभ, स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी होगी आसान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों को मुफ्त वाइ-फाइ की सुविधा से युक्त करने का बड़ा फैसला लिया है। इस नयी पहल के तहत अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके साथ आने वाले परिजनों को मुफ्त इंटरनेट सेवा उपलब्ध करायी जायेगी, जिससे वे स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, सरकारी योजनाएं और अन्य डिजिटल सेवाओं तक आसानी से पहुंच बना सकें। सरकार की ओर से बीएसएनएल द्वारा सभी अस्पतालों में वाइ-फाइ की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

**डिजिटल हेल्थकेयर की दिशा में राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम :** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह पहल डिजिटल हेल्थकेयर की दिशा में राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह सेवा शुरू की जा रही है, जिससे उन्हें अस्पताल में प्रतीक्षा के दौरान उपयोगी जानकारी हासिल करने में सहायता मिलेगी।

**सुधार लाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम :** सरकार की यह योजना न केवल मरीजों की जागरूकता बढ़ाने में मददगार साबित होगी, बल्कि अस्पतालों में पारदर्शिता और सेवा की गुणवत्ता में भी सुधार लाने का कार्य करेगी।

## राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में जल्द ही चालू हो जायेगी यह सेवा

अजय कुमार ने बताया कि 1 महीने के भीतर राज्य के सभी जिला अस्पतालों में वाइ-फाइ की सुविधा चालू हो जायेगी। 6 महीने के भीतर सभी सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) और पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) भी इस सुविधा से लैस कर दिये जायेंगे। उन्होंने कहा, यह पहल मरीजों को एक डिजिटल सपोर्ट सिस्टम प्रदान करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। अब अस्पताल परिसर में बैठकर भी लोग स्वास्थ्य पोर्टल्स, महत्वपूर्ण वेबसाइट्स और सरकारी योजनाओं से जुड़ सकेंगे।

# राहुल गांधी पहुंचे गंगाराम अस्पताल शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंचकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिबू सोरेन की तबीयत को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। वहीं शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न दलों के नेताओं ने चिंता व्यक्त की है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले नेता प्रतिपक्ष

# बाबूलाल ने शिबू सोरेन के कुशल स्वास्थ्य की कामना की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दिल्ली में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुलाकात की। इस मुलाकात का उद्देश्य झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेना था। बाबूलाल मरांडी ने इस मुलाकात की जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स (पूर्व ट्विटर) पर साझा की। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ एक तस्वीर भी पोस्ट की और लिखा, दिल्ली में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। हम सभी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। ईश्वर उन्हें कुशल स्वास्थ्य प्रदान करें ताकि उनका सानिध्य हम सभी को पुनः प्राप्त हो सके।

बता दें कि शिबू सोरेन लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे हैं और उनका इलाज दिल्ली में चल रहा है। राज्य के सभी राजनीतिक दलों के नेता समय-समय पर उनका हालचाल लेने दिल्ली पहुंचते हैं।

# हड़ताल का बैंकिंग, कोयला, बीमा के क्षेत्रों में रहा मिलाजुला असर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में देशव्यापी आम हड़ताल और चक्का जाम आंदोलन का बुधवार को मिलाजुला असर देखा गया। राज्य में सबसे विपरीत असर कोयला क्षेत्र पर देखा गया। कोयले का उत्खनन, लोडिंग और ढुलाई पूरी तरह से प्रभावित हुई। कोयला क्षेत्र में लगभग 90 प्रतिशत काम ठप रहा। रांची स्थित दरभंगा हाउस स्थित सीसीएल, सीएमपीडीआइ में कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। इसके अलावा हड़ताल के चलते राज्य सरकार का भी लगभग 50 प्रतिशत काम प्रभावित हुआ। सीसीएल, बीसीसीएल और इसीएल जैसी कंपनियों में काम ठप रहा। साथ ही बैंक और इंश्योरेंस क्षेत्र पूरी तरह से बंद रहा। सरकारी बैंक शाखाओं में कामकाज आंशिक रूप से प्रभावित रहा। कई जिलों में बैंक कर्मचारी हड़ताल में शामिल हुए, लेकिन ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम सेवाएं चालू रहीं।

# देश को बेचा जा रहा कॉरपोरेट घरानों के हाथों: सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां श्रमिक और किसान विरोधी हैं। मजदूरों की यूनियन को कमजोर किया जा रहा है, कानून निजी कंपनियों के हित में बदले जा रहे हैं और पब्लिक सेक्टर का निजीकरण करके देश को कॉरपोरेट के हाथों बेचा जा रहा है। भट्टाचार्य बुधवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर झामुमो रांची जिला कमेटी की ओर से देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। भट्टाचार्य ने कहा कि देश के किसानों ने तीन कृषि कानूनों के खिलाफ सात महीने तक ऐतिहासिक आंदोलन किया। इसमें कई किसानों ने अपनी जान गंवाई। अब केंद्र सरकार मजदूरों को भी उन्हीं हालात में धकेलना चाहती है। लेकिन झामुमो इसके खिलाफ चुप नहीं बैठेगा। झारखंड में किसी भी मजदूर विरोधी कानून को लागू नहीं होने दिया जायेगा। इसके पूर्व झामुमो के कार्यकर्ताओं ने राजधानी के अलग-अलग हिस्सों में प्रदर्शन किया। इसके बाद अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचकर हड़ताल में शामिल विभिन्न संगठनों का साथ दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि झामुमो गरीबों, आदिवासियों और मजदूरों की पार्टी है। केंद्र सरकार की नीति कॉरपोरेट को फायदा पहुंचाने और श्रमिकों को गुलाम बनाने की है। जो कानून लाया जा रहा है, उसमें बिना फैक्ट्री मालिक की अनुमति के मजदूर अपनी मांग तक नहीं रख सकते। प्रदर्शन करनेवालों में झामुमो के केंद्रीय सदस्य अश्विनी शर्मा, कुदूस अंसारी, कलाम आजाद, आदिल इमाम, अफरोज अंसारी, जीत गुप्ता, फरीद खान, सज्जाद अंसारी, अंशु लकड़ा, अंकिता वर्मा, सीमा लकड़ा, अनमोल रतन सांचा सहित अन्य शामिल थे।



# गेल ने ऑयल इंडिया के साथ 15 साल के गैस बिक्री और खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किये

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। गेल (इंडिया) लिमिटेड ने ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआइएल) के साथ एक गैस बिक्री और खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं, जिसमें मौजूदा गैस बिक्री और खरीद समझौते को 1 जुलाई, 2025 से शुरू होकर अगले 15 वर्षों के लिए बढ़ाया गया है। यह समझौता राजस्थान के बाखरी टिब्बा ब्लॉक, जिसमें दांडेवाला, तनोट और बागी टिब्बा क्षेत्र शामिल हैं, से प्रतिदिन 900,000 मानक घन मीटर (एससीएमडी) तक प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए है। इस समझौते पर नयी दिल्ली में गेल के इडी (विपणन-गैस) सुमित किशोर और ऑयल के इडी (बीडी) रंजन गोस्वामी ने हस्ताक्षर किये। यह समझौता दोनों महारत्न सीपीएसइ की घरेलू गैस क्षेत्रों से उपलब्ध प्राकृतिक गैस के उत्पादन, परिवहन और वितरण के प्रति समर्पण को उजागर करता है, जो ऊर्जा सुरक्षा और पहुंच बढ़ाने के लिए उनके सहयोगात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह प्राप्त गैस मेसर्स राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) के राज्य-संचालित बिजली संयंत्र को आपूर्ति की जायेगी। गेल देश भर में फैले 16,421 किलोमीटर के प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क का मालिक है और इसका संचालन करता है, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 127 एमएमएससीएमडी से अधिक प्राकृतिक गैस का संचरण करता है। यह अपने प्रसार को और बढ़ाने के लिए कई पाइपलाइन परियोजनाओं के निष्पादन पर भी काम कर रहा है। गेल पाटा में एक गैस आधारित पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का मालिक है और इसका संचालन करता है और पाटा में 810 केटीए और बीसीटीएल में 280 केटीए की क्षमता है। इसके अलावा, गेल का एलएनजी पोर्टफोलियो 16.56 एमएमटीपीए (लगभग 60 एमएमएससीएमडी) है, जो भारत के कुल एलएनजी आयात का 61% है। गेल और उसकी सहायक कंपनियों/जेवी की सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन में भी एक मजबूत बाजार हिस्सेदारी है। गेल सौर, पवन और जैव ईंधन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा में भी अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहा है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### अमरनाथ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत



रांची (आजाद सिपाही)। पवित्र अमरनाथ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का बुधवार को रांची रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। बाबा बर्फानी के दर्शन कर लौटे श्रद्धालुओं के चेहरों पर आस्था, संतोष और अध्यात्मिक ऊर्जा की झलक साफ दिखायी दे रही थी। यात्रियों ने बताया कि यह यात्रा उनके जीवन का अविस्मरणीय अनुभव रहा, जिसने उन्हें आत्मिक रूप से एक नयी दिशा दी। रांची रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के प्रदेश सचिव मेंहुल दुबे, गौतम कुमार, अनिकेत कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सभी यात्रियों को चुनरी भेंट कर, फूल माला पहनाकर, तिलक लगाकर और उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। स्टेशन परिसर में जय बाबा बर्फानी के जयघोषों से पूरा माहौल आध्यात्मिक रंग में रंग गया। मेंहुल दुबे ने कहा कि बाबा बर्फानी के दर्शन कर लौटे हमारे श्रद्धालु भाई-बहनों का स्वागत करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस पावन यात्रा ने सभी को एक आध्यात्मिक ऊर्जा दी है और मैं प्रार्थना करता हूं कि बाबा की कृपा सब पर बनी रहे।

### जेइपीसी आउटसोर्सिंग कर्मी देवेंद्रनाथ महतो के नेतृत्व में पदयात्रा कर पहुंचे कंपनी कार्यालय



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना पर्षद के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मी ने बुधवार को आंदोलन किया। अपने वेतन, कार्य दिवस व विभिन्न मांगों को लेकर आज आउटसोर्सिंग कंपनी कार्यालय का घेराव किया। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो नेतृत्व में पदयात्रा करते हुए फ्रंटलाइन एनसीआर बिजनेस सॉल्यूशन कंपनी कार्यालय तक पहुंचे। भारी बरसात में चडरी तालाब से कंपनी कार्यालय तक महापुरुषों की जयघोष करते हुए मानव श्रृंखला से पहुंचे। घंटों तक कंपनी कार्यालय गेट का घेराव किया। कंपनी प्रबंधन मुर्दाबाद राज्य सरकार होश में आओ के नारे लगाते रहे। देर शाम को कंपनी कार्यालय में सक्षम पदाधिकारियों के साथ वार्ता हुई। इस वार्ता में आउटसोर्सिंग कंपनी के महाप्रबंधक अश्विनी सिंह, एच आर आइसा परवीन, एरिया मैनेजर आशुतोष रंजन के साथ देवेंद्रनाथ महतो ने आउटसोर्सिंग कर्मियों के बीच वार्ता किया। लंबी संघन बातचीत के बाद एक महीना के तत्काल पेमेंट भुगतान के साथ निम्न पांच सूत्री मांगों पर लिखित सहमति बनी। इसके बाद उनके मांगों पर लिखित सहमति बनी। इस आंदोलन में गौतम महतो, प्रदीप उरांव, जागेश्वर महतो, बसंती देवी, बिहारी हेंब्रम, प्रेस महतो, अरविंद कुमार, वर्षा देवी, लालेश्वर महतो, ललिता कुमारी सहित अन्य आउटसोर्सिंग कर्मी मौजूद रहे।

### बीबीए-एलएलबी ऑनर्स का नामांकन के लिए 15 जुलाई तक भर सकते हैं फार्म

रांची (आजाद सिपाही)। इंस्टिटयूट ऑफ लीगल स्टडीज (आइएलएस), रांची विश्वविद्यालय, रांची में बीबीए-एलएलबी (ऑनर्स) का नामांकन फॉर्म चांसलर पोर्टल के माध्यम से भरा जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी चांसलर पोर्टल पर जाकर अपना फार्म 15 जुलाई तक भर सकते है। फॉर्म भरने वाले अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा 20 जुलाई को 11 बजे से 12:30 बजे तक होगी। यह प्रवेश परीक्षा 100 अंकों की होगी। इस परीक्षा का केंद्र इंस्टिटयूट ऑफ लीगल स्टडीज (आइएलएस) होगा। इस परीक्षा में इंग्लिश लैंग्वेज, करेंट अफेयर्स, सामान्य ज्ञान, सामान्य अध्ययन, लीगल रीजनिंग / अवेयरनेस से प्रश्न पूछे जायेंगे।

# बेटे ने मां के साथ किया बलात्कार

रांची (आजाद सिपाही)। समाज में गिरावट का घिनौना वाकया सामने आया है। रांची के चुटिया थाना क्षेत्र में घटित एक घटना हर लोगों की जुबान पर है। एक कलयुगी बेटे ने अपनी मां के साथ मुंह काला किया है। यह आरोप लड़के के पिता ने लगाया है। इस संबंध में चुटिया थाना को एक लिखित आवेदन भी दिया गया है। चुटिया पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिये छापेमारी कर रही है। आरोप के मुताबिक लड़का नशा करता है। रात में वह अत्यधिक नशा कर घर पहुंचा। मां सो रही थी उसे जमीन पर पटक दिया फिर दरिंदगी की सारी हदें पार कर दी। पीड़ित महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि आरोपी को जल्द पकड़ लिया जायेगा।

# वेतन जारी करने की वैकल्पिक व्यवस्था करने का किया अनुरोध



रांची (आजाद सिपाही)। मानवशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ एस एम अब्बास डीएसपीएमयू सह शिक्षक संघ के अध्यक्ष रांची के नेतृत्व में बैठक हुई। हमने उनसे विश्वविद्यालय के शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के वेतन जारी करने की वैकल्पिक व्यवस्था करने का अनुरोध किया। वेतन जारी होने में देरी के कारण शिक्षक और कर्मचारी परेशान हैं। यहां तक कि परीक्षा नियंत्रक (सीओइ) का पद भी रिक्त हो गया है, जबकि प्रभारी कुलसचिव के पद के लिए प्रतीक्षा अब 15वें दिन में प्रवेश कर रही है। ये दोनों पद महत्वपूर्ण हैं और दैनिक कार्यों में बाधा डाल रहे हैं। सीओइ के अभाव में, विभिन्न यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक परीक्षाएं आज, यानी 10 जुलाई से आयोजित नहीं हो पायेंगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नियुक्ति आदेश एक-दो दिन में प्राप्त होने के साथ ही इस समस्या का समाधान हो जायेगा। बैठक में अध्यक्ष एसएम अब्बास के साथ डॉक्टर मोहम्मद अयूब, डॉक्टर पियूष बाला, डॉक्टर आभा झा शामिल रहे।

# 12 जुलाई को रांची में कैंसर समिट का आयोजन

**समिट में कैंसर को मात देने वाले मरीज अपने अनुभवों को साझा करेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** कैंसर रिसर्च एंड स्टेटिस्टिक्स फाउंडेशन ने कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ सतीश शर्मा के नेतृत्व में 12 जुलाई को रांची के होटल रेडिसन ब्लू में रांची कैंसर समिट का आयोजन किया है।

समिट का उद्घाटन राज्य के राज्यपाल संतोष गंगवार बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। साथ ही राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी एवं स्वास्थ्य सचिव झारखंड सरकार की भी उपस्थिति होगी। उक्त बातें बुधवार को डॉ सतीश शर्मा ने रांची के करमटोली स्थित प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। डॉ सतीश शर्मा ने बताया कि इस समिट में हम सभी विशेषज्ञ जिसमें रोजवेल पार्क कांप्रीहेंसिव कैंसर सेंटर न्यूयार्क अमेरिका के डॉ वर्षा गुप्ता, डॉ अरुण शाही, डॉ अरूज ध्यानी, डॉ आदित्य श्रीनिवास और डॉ मोहम्मद नशीर जैसे अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ और राष्ट्रीय स्तर के चर्चित डॉ सेवंती लिमये, डॉ कुमार प्रभाष के अलावे 50 के करीब चिकित्सकों की भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी समिट में कैंसर को मात देने वाले मरीज भी अपने अनुभवों को साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि इसमें कैंसर चिकित्सा के सभी क्षेत्र मेडिकल, सर्जरी आदि में हो रहे विकास, नयी चिकित्सा पद्धति और प्रत्येक मरीज के द्वारा उपलब्ध करायी गयी जानकारी, चिकित्सीय अनुभव और अनुसंधान से प्राप्त जानकारी को सम्मिलित करते हुए इलाज करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक समान ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल होने पर चर्चा करेंगे। वहीं रिम्स के डॉ गगन गुंजन ने कहा कि विभिन्न तरह के कैंसर के बढ़ते हुए मरीजों की संख्या के अनुपात में उचित संसाधन के साथ सही समय पर इलाज के लिए विशेषज्ञ के पास न जाने के अलावे बहुत हद तक बचाव के लिए जानकारी का अभाव होना भी प्रमुख कारण है। डॉ संदीप कुमार ने कहा कि सामान्य सी जानकारी के प्रति लोगों को जागरूक करना होगा। इसमें तंबाकू और तंबाकू के अन्य उत्पाद जैसे बीड़ी, सिगरेट, गुटखा आदि के सेवन से दूरी बनाना चाहिए। स्त्रियों लड़कियों के द्वारा स्तन स्व परीक्षण जिसमें किसी भी प्रकार के असामान्य गांठ, स्त्राव को नजरअंदाज न करके विशेषज्ञ के पास जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए यह समिट मिल का पत्थर साबित होगा।

# वंदे भारत ने जीता जापानियों का दिल, ओसाका एक्सपो में भारतीय रेल की धूम

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो-2025 में भारतीय रेल की धूम मची है। भारतीय पवेलियन में न केवल भारतीय प्रवासी बल्कि जापानी नागरिकों की भी भारी भीड़ उमड़ रही है। एक्सपो पहुंचने वाले लोगों में वंदे भारत एक्सप्रेस और चिनाब ब्रिज को लेकर जबरदस्त उत्सुकता देखी जा रही है। लोग इनके बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। कई जापानी आगंतुकों को यह जानकर आश्चर्य हो रहा है कि भारत में इतनी तेज रफ्तार और अत्याधुनिक सुविधाओं वाली ट्रेनें अब आम हो गयी हैं। वंदे भारत की एयरोडायनॉमिक डिजाइन, इनबिल्ट सुरक्षा फीचर्स और सेमी हाइ-स्पीड क्षमताओं ने तकनीक प्रेमियों को आकर्षित किया है।

वहीं, चिनाब ब्रिज - जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। भारतीय रेल इंजीनियरिंग क्षमता का प्रतीक बनकर उभरा है। हिमालय की घाटियों में बना यह ब्रिज न केवल तकनीकी चुनौती को परास्त करता है, बल्कि भारत के उत्तर क्षेत्र में कनेक्टिविटी और सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहद अहम है। जापानी दर्शक, खासकर इंजीनियरिंग और आर्किटेक्चर के छात्र, चिनाब ब्रिज के 3डी प्रेजेंटेशन और इंटरैक्टिव मॉडल को ध्यान से देख रहे हैं और इसके निर्माण से जुड़े विवरणों को जानने में गहरी रुचि ले रहे हैं।

वंदे भारत ट्रेन और चिनाब ब्रिज आधुनिक भारतीय रेल का चमकता सितारा है। बदलते भारत की पहचान है। बीते एक दशक में वंदे भारत ने अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ रेल यात्रा को नयी पहचान दी है। यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ तेज रफ्तार यात्रा की सुविधा मिल रही है। भारतीय रेल ने देश के हर कोने में वंदे भारत के संचालन से कनेक्टिविटी का नया अध्याय लिखा है।

पूरे देश में करीब 140 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसे वरिष्ठ नागरिकों के साथ युवाओं के बीच अपार लोकप्रियता मिली है।

इस ट्रेन में वातानुकूलित कोच, स्वचालित दरवाजे, बायो टॉयलेट्स, जीपीएस सूचना प्रणाली, ऑनबोर्ड कैटरिंग, वाइ-फाइ, और सीसीटीवी सुरक्षा जैसी सुविधाएं हैं। ये सुविधाएं यात्रियों को एक प्रीमियम और आरामदायक अनुभव प्रदान करती हैं, जो पहले साधारण ट्रेनों में संभव नहीं था। वंदे भारत ट्रेनें वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों और महिलाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी है।

विश्व एक्सपो 2025, जो कि 13 अप्रैल से 13 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, भारत के लिए वैश्विक मंच पर अपनी उपलब्धियों और नवाचारों को साझा करने का एक सुनहरा अवसर है। जापान में इंडिया पवेलियन की लोकप्रियता न केवल भारत की बढ़ती वैश्विक साख को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि दुनिया भारत की प्रगति को उत्सुकता और सम्मान की नजरों से देख रही है।

# तंत्र-मंत्र के शक में हत्या : शर्मनाक

बिहार के पूर्णिया में तंत्र-मंत्र के शक में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जला दिया गया। यह घटना राज्य की कानून-व्यवस्था के लिए जितनी चिंताजनक है, उतनी की शर्मनाक है शिक्षा व्यवस्था के लिए। जब भारत स्पेस में कदम रख संभावनाओं के नये दरवाजे खोल रहा है, तब इस तरह की वारदात बताती हैं कि समाज का एक तबका कितने गहरे अंधविश्वास में डूबा हुआ है।

**कानून का डर नहीं :** पीड़ित परिवार की एक महिला झाड़-फूंक करती थी। जब कुछ दिनों पहले गांव के एक बच्चे की मौत बीमारी के बाद हुई, तो लोगों का शक उस महिला और उसके परिवार पर गया। रिपोर्ट्स बताती हैं कि पहले भी इस गांव में कुछ लोगों की जान बीमारी से गई थी। लेकिन, लोगों को लगा कि इन सबके पीछे वही पीड़ित परिवार है। पहले पंचायत हुई और फिर भीड़ ने नृशंसता दिखाते हुए वारदात को अंजाम दिया। यह स्थिति तब है, जब राज्य में लॉ एंड ऑर्डर बड़ा मुद्दा बना हुआ है - पटना में बिजनेसमैन गोपाल खेमका की हत्या के बाद से सरकार अपनी छवि बचाने की कोशिश में है।

**जादू-टोने का लोगों के जीवन में दखल इसलिए भी है, क्योंकि स्वास्थ्य व्यवस्था खुद बीमार है। पिछले साल आयी कैग की रिपोर्ट बताती है कि पूर्णिया के सरकारी अस्पतालों में नर्सिंग स्टाफ की 72% कमी है।**

**शिक्षा में पिछड़ापन:** पूर्णिया बिहार के सबसे पिछड़े जिलों में आता है। घटना जिस टेटगामा गांव में हुई, वह आदिवासियों का है। यहां के लोग अगर आज भी झाड़-फूंक के चक्करों में फंसे हुए हैं और जादू-टोने पर भरोसा करते हैं, तो इसके पीछे पिछड़ापन और अशिक्षा दोनों है। केंद्र की स्कूल एजुकेशन रिपोर्ट UDISE+ से पता चलता है कि आधुनिक शिक्षा को छोड़ दीजिए, बेसिक सुविधाओं के मामले में भी बिहार के स्कूल बाकी देश से बहुत पीछे हैं।

**बदहाल स्कूल :** राज्य के केवल 19.6% स्कूलों में कंप्यूटर हैं, जबकि महज 12.1% स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम। देश में ड्रॉपआउट यानी बच्चों के स्कूली पढाई छोड़ने की दर सबसे ज्यादा बिहार में है, 9-10वीं में 25% से भी ज्यादा। ढाई हजार से अधिक स्कूल केवल एक टीचर के भरोसे चल रहे हैं।

**बीमार स्वास्थ्य व्यवस्था :** जादू-टोने का लोगों के जीवन में दखल इसलिए भी है, क्योंकि स्वास्थ्य व्यवस्था खुद बीमार है। पिछले साल आयी कैग की रिपोर्ट बताती है कि पूर्णिया के सरकारी अस्पतालों में नर्सिंग स्टाफ की 72% कमी है। वैसे, पूरे बिहार में एक डॉक्टर के भरोसे 2,148 मरीज हैं। स्वास्थ्य विभागों में 49% पद खाली हैं। ऐसे में पूर्णिया की घटना पूरे सिस्टम की नाकामी है और इसकी जिम्मेदारी सभी को लेनी होगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भामाशाह, पराक्रम के पार्श्वनायक और परमार्थ के पुरोधा थे। वे युद्धभूमि में नहीं लड़े, पर हर युद्ध में उनकी वाणी, उनका समर्पण, उनकी पूंजी लड़ी। वे कवच नहीं धारण करते थे, पर राष्ट्र को आर्थिक कवच प्रदान करते थे। वे मंत्र नहीं पढ़ते थे, पर मेवाड़ के भाग्य का पुनर्मंत्रण उन्हीं के त्याग से संभव हुआ। उनकी भूमिका बहुआयामी थी। प्रशासक के रूप में वे मेवाड़ के महामंत्री बने। रणनीतिकार के रूप में उन्होंने गुप्तचरी, कर व्यवस्था और सैन्य पुनर्गठन को दिशा दी।**

# दानवीर भामाशाह : स्वराज्य-संघर्ष के साक्षात संबल

प्रणय विक्रम सिंह



जब अकबर की अतिशक्ति का अहंकार, अस्मिता के अरावली पर आक्रमण करता है, जब राजनीति केवल रणनीति बन जाये और जब अधीनता को ही अवश्यंभावी मान लिया जाये, तब भामाशाह जैसे व्यक्तित्व ही होते हैं, जो इतिहास की धारा मोड़ते हैं। वे तलवार नहीं उठाते किंतु तलवारों को साधन देते हैं। वे युद्ध में नहीं उतरते पर योद्धाओं को युद्ध के लिए सक्षम बनाते हैं। वे मंत्र नहीं पढ़ते लेकिन मंत्रियों से अधिक प्रभावशाली निर्णय लेते हैं। वे केवल व्यापारी नहीं, धर्म, धन और देश के त्रिदेव बन जाते हैं। वे कोई साधारण वैश्य नहीं थे, वे धर्म और ध्वज के लिए समर्पित संघर्षशील संन्यासी थे। उन्होंने जब स्वर्ण की थाली नहीं, स्वत्व की थाती प्रताप के चरणों में अर्पित की, तब अकबर का अभिमान कांप उठा और मेवाड़ की मयार्दा पुनः जाग उठी।

वर्ष 1576 की हल्दीघाटी में प्रताप वीरता से लड़े, पर साम्राज्यवादी संसाधनों के समक्ष धनहीनता उनकी सबसे बड़ी व्यथा बनी। अपनी मातृभूमि को पुनः प्राप्त करने की आकांक्षा लिए प्रताप जंगलों में, गुफाओं में, पहाड़ियों पर आश्रय लिए हुए थे। जन और जनपद दोनों भयाक्रांत थे। यह वह काल था जब केवल एक पुरुष की आस्था उन्हें पुनर्जीवन देने आयी और वे थे भामाशाह।

**भामाशाह, पराक्रम के पार्श्वनायक और परमार्थ के पुरोधा थे।**

भामाशाह ने अपने घर के कोषागार का कोष राष्ट्र के चरणों में अर्पित कर दिया था। इतिहासकार जेम्स टॉड के अनुसार, भामाशाह ने एक ही क्षण में 25 लाख रुपये और 20 लाख अशर्फियां राणा प्रताप को समर्पित कीं, जो एक साथ 25,000 सैनिकों का एक वर्ष तक संचालन कर सकती थीं।

यह दान नहीं था, यह धन राष्ट्रयज्ञ में आहुति थी। यह करुणा नहीं, बल्कि कर्तव्य का क्रांति-स्वरूप था। वे बोले कि यह संपत्ति राष्ट्र से मिली है, इसे राष्ट्र को अर्पित करना मेरा धर्म है।

भामाशाह, पराक्रम के पार्श्वनायक और परमार्थ के पुरोधा थे। वे युद्धभूमि में नहीं लड़े, पर हर युद्ध में उनकी वाणी, उनका समर्पण, उनकी पूंजी लड़ी। वे कवच नहीं धारण करते थे, पर राष्ट्र को आर्थिक कवच प्रदान करते थे। वे मंत्र नहीं पढ़ते थे, पर मेवाड़ के भाग्य का पुनर्मंत्रण उन्हीं के त्याग से संभव हुआ।

उनकी भूमिका बहुआयामी थी। प्रशासक के रूप में वे मेवाड़ के महामंत्री बने। रणनीतिकार के रूप में उन्होंने गुप्तचरी, कर व्यवस्था और सैन्य पुनर्गठन को दिशा दी। संघटक के रूप में उन्होंने सामंतों, व्यापारियों और कृषकों को एकजुट किया।

वे केवल राष्ट्रहित के व्यापारी नहीं थे, वे राष्ट्र-ऋषि थे। भामणिया जोधाजी की संतान भामाशाह ने दिखाया कि जब धन धर्म के साथ जुड़ता है, तो वह दान नहीं, दुर्गा का शस्त्र बन जाता है। उनका धन किला नहीं बना, उन्होंने कोई गढ़ नहीं सजाया, उन्होंने उस धन से रण सजाया और राणा को फिर से रणक्षेत्र का राजा बनाया।

श्रीमद्भागवतगीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि दत्तं धर्माय यशसे, न तु भोगाय।

इसी प्रकार भामाशाह का दान भी भोग के लिए नहीं, यश और यज्ञ के लिए था। उनकी थाती में केवल मुद्रा नहीं थी, उसमें मर्यादा, ममता और मातृभूमि की मिट्टी मिली थी।

भामाशाह ने न स्वयं के लिए राज्य मांगा, न सम्मान, न यश। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र सर्वप्रथम के विचार का मूर्तिमान प्रमाण था। वे इस यथार्थ को जीते थे कि धन तब तक मूल्यहीन है, जब तक वह धर्म के लिए समर्पित न हो।

महान इतिहासकार जेम्स टॉड लिखते हैं कि यदि भामाशाह का सहयोग न होता, तो प्रताप का प्रतिकार अधूरा रह जाता। कर्नल टॉड उन्हें "Finance General of India's Liberty" कहते हैं। डॉ विश्वंभर नाथ पांडेय के अनुसार भामाशाह भारतीय राष्ट्रवाद के पहले संपत्ति-समर्पित योद्धा थे।

गोपीनाथ शर्मा कहते हैं कि महाराणा प्रताप की लौह-प्रतिज्ञा को व्यवहार में परिणत करने वाला व्यक्तित्व यदि कोई था, तो वह भामाशाह था। रवींद्रनाथ टैगोर ने भामाशाह को राष्ट्रधर्मी धनदाता की संज्ञा दी थी।

आज जब व्यापार को लाभ का उपक्रम माना जा रहा है, दानवीर भामाशाह की गाथा बताती है कि लाभ यदि लोभ से जुड़ा हो तो पतन होता है, पर यदि लाभ लोक के लिए हो तो वह राष्ट्र का उत्थान करता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे राष्ट्रनायक जब प्रदेश के हर जिले में भामाशाह सम्मान की घोषणा करते हैं, जब वे करदाता व्यापारियों को केवल करदाता नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माता की उपाधि प्रदान करते हैं, तब यह किसी योजनाबद्ध पुरस्कार प्रणाली का आयोजन भर नहीं होता, यह भारतीय परंपरा में व्यापारी वर्ग के राष्ट्रधर्मी पुनर्स्थापन का शंखनाद होता है।

आज जब उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता, उद्यमिता और अर्थ-व्यवस्था की त्रिवेणी पर खड़ा होकर नये भारत का ग्रोथ इंजन बन रहा है, तब भामाशाह जैसे पूज्य पुरुषों की परंपरा पुनः जीवंत हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह स्पष्ट मत है कि जो व्यापार में पारदर्शिता लाता है, वह राष्ट्र की नींव को सुदृढ़ करता है। जो कर देता है, वह केवल सरकारी दायित्व नहीं निभाता, वह राष्ट्रधर्म निभाता है।

आज जब हम राष्ट्र निर्माण की नवीन गाथा लिख रहे हैं, जब उद्योग न केवल उत्पादन का, अपितु उत्तरदायित्व का पर्याय बन रहा है, तब भामाशाह जैसे त्यागी चरित्र न केवल इतिहास की स्मृति हैं, बल्कि राष्ट्र-राज्य की मूल चेतना हैं।

वे भूतकाल के भूषण नहीं, विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के वरणीय विमर्श हैं। नये भारत के भविष्य के प्रारूप हैं। उनका जीवन इस बात का साक्षात प्रमाण है कि जब धन धर्म का दास बनता है और व्यापारी राष्ट्रधर्म का प्रहरी तब व्यापार केवल लाभ का नहीं, लोकमंगल का माध्यम बनता है। तब संपत्ति सिर्फ संग्रह नहीं, सेवा का संकल्प बन जाती है। यही वह नवधर्म है, जिसे आज का नया उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत की आत्मा बना रहा है!

भामाशाह भूतकाल के नायक नहीं, राष्ट्र के स्वाभिमान और समृद्धि की नींव हैं। उस नींव के प्रतीक, जिस पर योगी आदित्यनाथ का नवयुगीन उत्तर प्रदेश राष्ट्र के पुनरुत्थान का दुर्ग गढ़ रहा है। राष्ट्र की समृद्धि के साथ सांस्कृतिक स्मृति की पुनर्रचना, यही है भामाशाह का संदेश और योगी शासन का संकल्प।

**(डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### बिड़रा प्राथमिक विद्यालय की बदहाली से बच्चे परेशान

# अस्थायी शेड के नीचे पढ़ने को मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पटमदा प्रखंड अंतर्गत बिड़रा प्राथमिक विद्यालय का भवन बीते कई वर्षों से जर्जर हालत में है। लगातार बारिश के कारण छत से पानी टपकने लगा है।कमरे के अंदर पानी भरने से खतरे की आशंका को देखते हुए कक्षा 1 से 5 तक के 104 बच्चे अस्थायी शेड के नीचे पढ़ाई करने के लिए मजबूर है। विद्यालय की शिक्षिका अदिति विश्वास एवं सबिता महतो ने बताया छत से पानी टपकने से जरूरी सामान भी सुरक्षित रखना मुश्किल हो गया है। फिलहाल एक शेड के नीचे सभी बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। बुधवार को जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में अभिभावकगण स्कूल पहुंचे और विभागीय लापरवाही पर नाराजगी जतायी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उपमुखिया गोपाल गोराई और ग्राम प्रधान ने समस्या का समाधान के लिए बीइओ और कनीय अभियंता से वार्ता की। अधिकारियों ने बताया विद्यालय भवन के निर्माण का प्रस्ताव सूची में सबसे ऊपर है। लेकिन फंड के अभाव में कार्य शुरू नहीं हो पाया। इससे पूर्व जमीन संबंधी विवाद के लिए फंड को वापस करना पड़ा था। लेकिन अब जमीन की कोई समस्या नहीं है। उपमुखिया ने कहा यदि जल्द कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हुई तो बरसात के दौरान विद्यालय में कक्षा संचालन बंद करना पड़ सकता है। कारण बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। मौके पर गांव के अभिभावकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नयी भवन निर्माण के लिए मांग की। ताकि गरीब बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो और उनकी सुरक्षा भी बनी रहे।

# सिविल सर्जन कार्यालय के लिपिक की प्रतिनियुक्ति समाप्त, यौन शोषण मामले में कार्रवाई हुई तेज

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला-खरसावां।** सरायकेला-खरसावां जिले के सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार सिंह के कार्यकाल की समाप्ति के साथ ही उनके कार्यकाल में पनपते विवादों पर स्वास्थ्य निदेशालय ने सख्त रुख अपनाया है। लंबे समय से सिविल सर्जन कार्यालय में प्रतिनियुक्त लिपिक कुलदीप घोषाल की प्रतिनियुक्ति को स्वास्थ्य निदेशालय झारखंड ने तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया। कुलदीप घोषाल पर फिजियोथेरेपिस्ट सुधा कुमारी द्वारा यौन शोषण का मामला स्थानीय न्यायालय में लंबित है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया था वे गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें पूर्व सिविल सर्जन का संरक्षण मिलता रहा। निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सीके शाही द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया कुलदीप घोषाल को उनके मूल स्थान अनुमंडलीय अस्पताल चांडिल में तत्काल योगदान देना होगा। साथ ही आदेश में विशेष रूप से कहा गया केस के अंतिम निस्तारण तक उन्हें जिला मुख्यालय के किसी भी कार्यालय में प्रतिनियुक्त नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य निदेशालय ने पहले भी प्रतिनियुक्ति समाप्त करने का निर्देश दिया था, लेकिन इसका पालन नहीं हुआ था। इस बार सिविल सर्जन को 24 घंटों के अंदर अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। जिले में इस आदेश को प्रशासनिक स्वच्छता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिससे यह संकेत मिलता है अब प्रभावशाली अधिकारी भी विवादों को दबा नहीं सकेंगे।

# ट्रेलरों में जोरदार टक्कर, हाइड्रा मशीन से फंसे चालक को निकाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांड्रा।** सरायकेला खरसावां जिले में सड़क हादसों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार सुबह लगातार हो रही बारिश के बीच कांड्रा थाना अंतर्गत सेन इंटरनेशनल स्कूल के समीप अचानक अनियंत्रित होकर दो ट्रेलरों के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी। हादसे के बाद आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सरायकेला से कांड्रा की ओर जा रही एक ट्रेलर में आयरन ओर लदा था, जबकि दूसरी ट्रेलर खाली थी। तेज रफ्तार के कारण दोनों वाहनों की सीधी टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी एक ट्रेलर का चालक केबिन में ही फंसे रह गये। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कांड्रा पुलिस ने हाइड्रा मशीन की मदद से केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला। हादसे के कारण सड़क पर कई घंटों तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। हालांकि पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर यातायात को बाधित नहीं होने दिया। फिलहाल पुलिस घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज कर मामले की जांच में जुट गयी है।

# सरायकेला एसपी ने औद्योगिक क्षेत्र में विधि-व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर बुलायी बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने ऑटो क्लस्टर सभागार में औद्योगिक क्षेत्र के उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों और व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों संग बैठक की। बुधवार को आयोजित बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में विधि-व्यवस्था संधारण, सुगम यातायात व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की।मौके पर एसपी ने औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से सहयोग मांगते हुए कहा चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाने की बात कही। ताकि अपराध नियंत्रण में मदद मिल सके।उन्होंने आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने, आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर सरायकेला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर कुमार सवैया सहित आदित्यपुर, गम्हरिया, कांड्रा, आरआईटी और यातायात थाना प्रभारी उपस्थित रहे।मौके पर पुलिस अधिकारियों ने उद्योग समूहों को भरोसा दिलाया पुलिस प्रशासन हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। ताकि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास का माहौल बनी रहे।

# विशेष अभियान में डाक जीवन बीमा ने तीन गुना प्रीमियम किया संकलन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के विशेष अभियान में इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में तीन गुना प्रीमियम संकलन किया गया है। बीते वर्ष जहां 74 लाख जमा हुए थे, वहीं इस बार शाम 5 बजे तक 2.44 करोड़ रुपये का प्रीमियम संकलन हुआ। देर रात तक यह आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है। इस उल्लेखनीय सफलता का श्रेय वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदयभान सिंह के नेतृत्व और उनकी टीम भावना को दिया गया। वहीं झारखंड परिमंडल ने पूरे देश में शीर्ष स्थान हासिल किया। झारखंड के चार मंडलों ने मिलकर 10 करोड़ का प्रीमियम कलेक्शन किय। निदेशक डाक सेवाएं आर वी चौधरी और उनकी टीम को इस सफलता के लिए बधाई दी गयी। यह डाक विभाग के लिए नये युग की शुरूआत मानी जा रही है।

# बिस्टुपुर में 25वीं रामार्चा पूजा आज से, 11 को होगा रुद्राभिषेक

**जमशेदपुर वासियों से पूजा में शामिल होकर आशीर्वाद लेने और महाप्रसाद ग्रहण की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बिष्टुपुर स्थित जे. 42 में रामार्चा पूजा का 25वां आयोजन गुरुवार से शुरू हो रहा है। पूजा 10 और 11 जुलाई को संपन्न होगी। 10 जुलाई की सुबह 8 बजे से पूजा प्रारंभ होगी, जबकि 11 जुलाई को सुबह 8 बजे रुद्राभिषेक किया जायेगा। इसके उपरांत मिलानी हॉल में महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा।

बुधवार को जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने बताया रामार्चा पूजा अपनी बचत पैसे से ही कराते हैं। इसके लिए किसी से कोई सहयोग नहीं लेते। श्री राय ने कहा इस आयोजन का उद्देश्य सनातनी परंपरा से लोगों को जोड़ना और भगवान राम के मर्यादा पुरुषोत्तम आचरण को समाज में उतारना है।रामार्चा पूजा में भगवान राम के साथ उनके सहयोगियों में विभीषण, अंगद, जांबवंत, भगवान हनुमान, राजा दशरथ एवं उनके परिवार की पूजा होती है। इसके साथ ही मां काली और भगवान शंकर की भी विशेष पूजा की जाती है। पूजा करीब सात से आठ घंटे तक चलती है। रुद्राभिषेक के बाद बक्सर के कारीगरों द्वारा विशेष रूप से बनाए गए ह्यहाथीकान पूड़ीह्ण और सब्जी का महाप्रसाद हजारों हजार श्रद्धालुओं के बीच वितरण की जाती है। श्री राय ने जमशेदपुर वासियों से इस आयोजन में शामिल होकर आशीर्वाद लेने और प्रसाद ग्रहण करने की अपील की।

# आंगनबाड़ी सेविका- सहायिकाओं ने अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर कामकाज ठप रखा




आजाद सिपाही संवाददता

**बंशीधर नगर/मेराल।** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले मंगलवार को सैकड़ों सेविका एवं सहायिकाओं ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इसके पूर्व सेविका एवं सहायिकाओं ने बाल विकास परियोजना कार्यालय से लेकर अनुमंडल कार्यालय तक विरोध मार्च किया, जो बाद में धरना में तब्दील हो गया। धरना का नेतृत्व यूनियन की जिलाध्यक्ष कौशल्या देवी ने किया।

उन्होंने कहा कि देशभर में एकसाथ आंगनबाड़ी कर्मी आज अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं, लेकिन सरकार आज भी हमारे योगदान की अनदेखी कर रही है। शिक्षा और पोषण की पहली कड़ी आंगनबाड़ी होती है, लेकिन हमें अब तक न तो सम्मान मिला है और न ही स्थायित्व। उन्होंने कहा कि सरकार को मानदेय के बजाय वेतनमान लागू करना चाहिये, ताकि आंगनबाड़ी कर्मियों को एक सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल सके।

कौशल्या देवी ने यह भी चेतावनी दी कि यदि सरकार के द्वारा इन मांगों पर शीघ्र विचार नहीं करती है, तो आंदोलन को और अधिक उग्र रूप दिया जायेगा। प्रदर्शन के दौरान जब तक वेतनमान लागू नहीं होता है तब तक सेविका को 26 हजार एवं सहायिका को 13 हजार रुपये प्रति माह मानदेय देने की मांग की गयी।

अन्य मांगों में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को मानदेय की जगह नियमित वेतनमान दिये जाने, सेवानिवृत्त कर्मियों को एकमुश्त 5 लाख की राशि के साथ पेंशन सुविधा दिये जाने, सेविकाओं को पर्यवेक्षिका पद पर पदोन्नति का अवसर देने, एफआरएस (फील्ड रिपोर्ट सिस्टम) को बंद किये जाने, सभी कर्मियों को ग्रेच्युटी का लाभ प्रदान किये जाने की मांग की गयी। प्रदर्शन में बबिता पासवान, रंजू देवी, आशा देवी, सुशील देवी, रेखा देवी, रीता देवी, रेखा श्रीवास्तव, सुशीला गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में सेविकाएं और सहायिकाएं मौजूद थीं।

वहीं झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन गढ़वा के तत्वाधान में मेराल प्रखंड मुख्यालय पर बुधवार को चार सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ने चार सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल किया। इस अवसर पर विभा रानी बिना सिंह अनीता पांडे कनीजा खातून जैनुल बीबी गीता देवी अंबा रानी मीरा देवी गुलशन आरा सुनीता देवी सुमन देवी खुशबू गुप्ता राजकुमारी देवी चिंता देवी सनम आरा सहित आदि लोग शमिल थे।

## विभिन्न मांगों को लेकर आंगनवाड़ी सेविकाओं ने एकदिवसीय हड़ताल की




**कांडी (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन कांडी के तत्वाधान में बुधवार को प्रखंड के सभी आंगनवाड़ी केंद्र के सेविका, सहायिकाओं ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर सेविका संघ के प्रखंड अध्यक्ष निभा देवी की अध्यक्षता में एकदिवसीय आम हड़ताल किया गया। सेविका सहायिकाओं ने प्रखंड कार्यालय से बैनर पोस्टर के साथ नारेबाजी करते हुए कांडी बाजार के विभिन्न चौक चौराहे होते हुए पूनः प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बालविकास परियोजना पर्यवेक्षिका राणा तबस्सुम को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर पंचायत अध्यक्ष सजीना खातुन, अंजलि देवी, सुजांती देवी, माया देवी, अंजु देवी, रेखा देवी, पुष्पा देवी, रिता देवी, मोती राज देवी, उर्मिला देवी, सुनैना देवी, सुनिता देवी, मंजू देवी, प्रमिला देवी, नगीना देवी, रिना देवी, लिलावती देवी, कलावती देवी, मिना देवी, संगीता देवी, जयंती कुसुम, सुनैना देवी, के अलावें अन्य कई सेविका सहायिका मौजूद थीं।**

# मंडल डैम से पलामू को फायदा कम नुकसान ज्यादा: धीरज दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मंडल डैम परियोजना को लेकर झारखंड की राजनीति एक बार फिर गर्म हो गयी है। झामुमो मिडिया पैनलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने सांसद विष्णु दयाल राम पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वे जनहित की बजाय गलत दिशा में प्रयासरत हैं। मंडल डैम से पलामू को जितना लाभ नहीं है, उससे कहीं ज्यादा नुकसान होगा। यह सिर्फ. एक 'कागजी विकास' की कहानी है, जिसकी असली कीमत पलामू के ग्रामीणों, किसानों और वन्य जीवों को चुकाना पड़ेगा।

धीरज दुबे ने कहा कि मंडल डैम का अधिकांश पानी बिहार को भेजे जाने की योजना है, जबकि परियोजना स्थल झारखंड के गढ़वा और पलामू ज़िलों में है। ऐसे में सवाल उठता है कि यहां के लोगों को क्या मिलेगा? क्या हम सिर्फ. विस्थापन और पर्यावरणीय क्षति झेलने के लिए हैं?



**जनता की नहीं सुनी जा रही आवाज :** उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों की बात न तो सुनी जा रही है और न ही उनकी सहमति ली जा रही है। सांसद विष्णु दयाल राम यहां के सैकड़ों परिवारों को उजाड़ने, जंगल काटने और वन्यजीवों के लिए खतरा उत्पन्न करने की तैयारी में है। नुकसान का अवलोकन, पुनर्वास और मुआवजा नीति स्पष्ट किए बिना इस दिशा में कदम बढ़ाना घातक साबित हो सकता है।

धीरज दुबे ने सांसद विष्णु दयाल राम को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे केंद्र सरकार के दबाव में मंडल डैम को जबरन थोपने का काम कर रहे हैं। वे पलामू की जनता की आवाज नहीं, बल्कि सत्ता की वाहवाही बटोरने के लिए प्रयासरत हैं।

**पर्यावरणीय और सामाजिक नुकसान का अंदेशा :** मंडल डैम का निर्माण पलामू टाइगर रिजर्व के पास हो रहा है, जिससे वहां की जैवविविधता पर सीधा असर पड़ सकता है। धीरज ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा की बात करने वाले नेताओं को आज इन सब मुद्दों पर मौन देखा जा रहा है।

**वैकल्पिक योजना की मांग :** धीरज दुबे ने सरकार से मांग की कि इस परियोजना पर पुनर्विचार किया जाए और ऐसी वैकल्पिक योजनाएँ लाई जाएं जिनसे बिना विस्थापन के, स्थानीय संसाधनों से ही क्षेत्र का विकास हो। उन्होंने कहा कि विकास का मतलब केवल डैम बनाना नहीं, बल्कि लोगों को साथ लेकर चलना है। विकास जरूरी है, लेकिन उस विकास की कीमत अगर जनता का विस्थापन, पर्यावरण की तबाही और संसाधनों की छीना-झपटी है - तो सवाल उठना लाजमी है।

# उपायुक्त ने मेराल प्रखंड का किया औचक निरीक्षण

- बीज वितरण एवं योजनाओं की समीक्षा की
- खुदरा उर्वरक विक्रेता दुकान का निरीक्षण, गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था की जांच



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान मेराल प्रखण्ड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रखंड परिसर में उपस्थित किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण कर लाभान्वित किया और कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मेराल प्रखंड परिसर स्थित सरकारी गोदाम का अवलोकन किया। उन्होंने गोदाम में भंडारण की स्थिति, साफ-सफाई एवं समुचित प्रबंधन को लेकर गहन समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिये।

**कृषि पाठशाला का निरीक्षण एवं कार्यो में गति लाने का निर्देश :** उपायुक्त श्री यादव ने कृषि विभाग की प्रमुख पहल 'कृषक पाठशाला' का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संचालक संस्था को सभी निर्माण एवं प्रशिक्षण संबंधी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि अधिक से अधिक किसान इससे लाभान्वित हो सकें।

उपायुक्त ने खुदरा उर्वरक विक्रेता दुकान का निरीक्षण, गुणवत्ता व वितरण व्यवस्था की जांच, प्रगतिशील किसान के यहां योजनाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन और छतरपुर पीएसीएस का निरीक्षण एवं बीज विनिमय योजना की समीक्षा की। साथ ही पैक्स के द्वारा की जा रही अन्य कृषि कार्यों की भी विस्तृत जानकारी ली।

## एसपीडी कॉलेज एनसीसी विंग में नामांकन जारी




गढ़वा (आजाद सिपाही)। सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज के एनसीसी इकाई में सत्र 2025-28 के लिए कैडेट का चयन प्रक्रिया जारी है। इसके तहत एनसीसी में नामांकन कराने वाले कैडेट को निर्धारित परीक्षाएं पास करने पर बी एवं सी सर्टिफिकेट दिया जायेगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट प्रो धीरेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि इस सत्र के लिए लिए जा रहे कैडेट के नामांकन में कुल 18 कैडेट का चयन किया जाना है, जिसमें 12 बॉयज एवं 6 गर्ल्स शामिल हैं। नामांकन के तहत कैडेट को 44 बटालियन के द्वारा फिजिकल एवं लिखित परीक्षा पास करनी होगी। यह सत्र तीन वर्षो का होगा जिसमें दो वर्ष पर बी सर्टिफिकेट एवं तीन वर्ष पर सी सर्टिफिकेट के लिए परीक्षा होगी जिसे पास करने पर कैडेट को उक्त सर्टिफिकेट दिया जायेगा। नामांकन के लिए सभी एकेडेमिक सर्टिफिकेट प्रस्तुत करने होंगे।

## हाथी ने महिला को मार डाला



रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना पूर्वी वन क्षेत्र अंतर्गत चुटिया पंचायत के भौंरी गांव निवासी चंचलिया कुंवर (70वर्ष) पति जीतन सिंह को हाथी ने मौत की घाट उतार दिया। इसके संबंध में मृतक के भतीजा बजरंग सिंह ने मिडिया कर्मियों को बताया कि उनकी फुआ चंचलिया कुंवर 8 जुलाई 2025 को सुबह भौंरी जंगल में डोरी चुनने गयीं थी। जब वह रात्रि में घर नहीं लौटी तो 9 जुलाई को घर वाले उसे खोजबीन करने लगे और जंगल में उसकी डेडबॉडी कुचला हुआ मिला। साथ ही वहां पर हाथी के पैर का निशान देखा गया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि हाथी ने ही पटककर मार डाला है। मौत की सूचना मिलने पर रंका पूर्वी वन क्षेत्र पदाधिकारी रामरतन पांडेय घटना स्थल पर पहुंचे और हाथी के द्वारा हुई मौत की पुष्टि की और मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि में से 50000/- (पच्चास हजार) रुपये भुगतान किया तथा बाकी राशि प्रक्रिया पूर्ण होने पर देने की बात कही।

## नर्सरी इंग्लिश स्कूल भवनाथपुर में बीपीएल कोटा से नामांकन 17 तक होगा

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अपग्रेडेड नर्सरी इंग्लिश स्कूल भवनाथपुर में बीपीएल कोटा के तहत 25 प्रतिशत यानि 10 सीट निर्धारित है, जिसमें अब तक 3 बच्चों का नामांकन हो चुका है, शेष 07 सीटों पर नामांकन के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा आनलाईन फार्म भरने की अंतिम तिथि 17 जुलाई 2025 निर्धारित किया गया है, इसके लिए जिला का बेवसाइट rtegarhwa.in पर आनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन हेतु बच्चों या अभिभावक के आधार कार्ड की छाया प्रति, आय प्रमाण पत्र जो 72000 रुपये से कम का छाया प्रति, बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और अभिवंचित वर्गों के लिए जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति व बच्चों के पासपोर्ट साइज फोटो के साथ किसी भी कंप्यूटर सेंटर से आनलाईन आवेदन कर सकते है।

# दो मामलों में पांच अभियुक्त गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिले के धूरकी थाना क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आयी है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कुल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास और मजबूत हुआ है। पहला मामला धुरकी थाना कांड संख्या 52/25 से जुड़ा है। इस मामले में ग्राम रक्सी निवासी महिला शिकायतकर्ता के लिखित आवेदन के आधार पर उन्हें विश्वास में लेकर उनके साथ अवैध शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में नामजद अभियुक्त तबरेज अंसारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त तबरेज अंसारी, पिता मासूम अंसारी, निवासी खाला, थाना धूरकी को गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक जांच के बाद अभियुक्त को 9 जुलाई 2025 को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दूसरा मामला धुरकी थाना कांड संख्या 85/25, दिनांक 9 जुलाई 2025 से संबंधित है, जो थाना क्षेत्र के मिर्चय्या गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई हिंसक झड़प से संबंधित है। पुलिस ने इस मामले में इठर की धारा 126(2), 115(2), 117(2), 118(1), 109, 308(5), एवं 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की। इस घटना में शामिल मुख्य अभियुक्त कुलदीप राम, देवकी राम (दोनों पिता स्व. बैजनाथ राम), नंदू राम (पिता देवकी राम) एवं सचितनंद राम (पिता कुलदीप राम) - सभी निवासी मिर्चय्या को धुरकी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, 8 जुलाई को मिर्चय्या गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। इस घटना में शिकायतकर्ता कन्हाई राम गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके परिवार के अन्य सदस्य भी चोटिल हुए। घटना की सूचना मिलते ही धूरकी थाना पुलिस ने बिना देर किए कार्रवाई करते हुए चारों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

## अभाविप ने विचार संगोष्ठी का आयोजन किया

**गढ़वा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा नगर इकाई द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस सह 77वां स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय गोविंद +2 उच्च विद्यालय में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार संगोष्ठी '2047 के विकसित भारत में युवाओं के भूमिका' विषय पर रहा। संगोष्ठी में मुख्य रूप से अभाविप राज्य विश्वविद्यालय कार्य सह संयोजक मंजुल शुक्ल, पलामू विभाग संयोजक रामाशंकर पासवान, प्राचार्य विश्वविजय सिंह, जिला संयोजक शुभम तिवारी, जिला कला मंच प्रमुख कोस्तुभ मौजूद रहे।**

## सूर्य मंदिर परिसर में स्वच्छता को लेकर बैठक, अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद जी राम की अध्यक्षता में सूर्य मंदिर परिसर में स्वच्छता को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड के व्यवसायिक संघ, स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की उपस्थिति थे। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी ने मिलकर सहयोग देने पर सहमति जतायी। इस मौके पर सीओ शंभू राम ने कहा कि नगर की सुंदरता और साफ-सफाई बनाये रखने के लिए सभी दुकानदारों को अपनी दुकान के आगे से अतिक्रमण हटाना होगा। सीओ ने कहा कि दो दिनों के भीतर जो दुकानदार स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाएंगे, उनके खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करते हुए जबरन अतिक्रमण हटायेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सूर्य मंदिर परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र में नियमित सफाई की व्यवस्था की जायेगी। बैठक में पंचायत के मुखिया बेबी देवी, नितीश गुप्ता,नवल गुप्ता, विजय गुप्ता, राजेंद्र सेठ, अजय गुप्ता, राजीव जायसवाल, विरेंद्र प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र प्रसाद, संजय कुमार सहित कई एक उपस्थित थे।

## 'कॉफी विद एसडीएम' में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुआ विमर्श

# मतदाता सूची के सघन पुनरीक्षण, बीएलए की नियुक्ति के संबंध में परिचर्चा हुई

- प्रतिनिधियों ने स्थानीय विकास और विधि व्यवस्था को लेकर रखे सुझाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' की कड़ी में बुधवार को 6 विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। दरअसल इस संवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी 9 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया था जिसमें तीन दल अनुपस्थित रहे।

इस संवादात्मक बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया व मतदाता सूची से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर खुलकर चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रतिनिधियों से क्षेत्र की बेहतरी को लेकर विभिन्न समसामयिक विषयों पर सुझाव और रचनात्मक विचार भी अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष रखे। निर्वाचन से जुड़े विषयों में मुख्य रूप से मतदाता सूची के शुद्धिकरण, बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति तथा मतदाता सूची के आगामी गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर चर्चा हुयी।

**सभी राजनीतिक दल हर बूथ पर नियुक्त करें बीएलए :** बैठक में पहुंचे सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से एसडीएम सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी संजय कुमार ने अपील की कि वे विधानसभा क्षेत्र के सभी 455 मतदान केंद्रों पर अपने बूथ स्तरीय एजेंटों की नियुक्ति करने की दिशा में आवश्यक पहल करें। उन्होंने बीएलए की नियुक्ति प्रक्रिया, योग्यता, प्रतिस्थापन आदि से जुड़ी समस्त जानकारी को राजनीतिक दलों के समक्ष विस्तार से रखा।

बैठक में प्रतिनिधियों ने डीजे प्रतिबंध, अवैध बालू उठाव, शहरी कचरा निस्तारण, साफ सफाई, अवैध शराब पर प्रतिबंध जैसे मामलों को लेकर अपने सुझाव दिए, साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा पिछले कुछ दिनों से सामाजिक हित में किये जा रहे कार्यों से संतुष्टि व्यक्त की।

संजय कुमार ने कहा कि 'कॉफी विद एसडीएम' में सभी राजनैतिक दलों से जो सकारात्मक सुझाव मिले हैं उन पर अमल की दिशा में वे ससमय आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

**इन पार्टियों के प्रतिनिधियों की रही सहभागिता :** संजय कुमार ने बताया कि जिन मान्यता प्राप्त पार्टियों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही उनमें बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू), झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय जनता दल शामिल हैं।

बैठक में ओबेदुल्ला अंसारी, तनवीर आलम, विवेकानंद तिवारी, मनोज कुमार ठाकुर, शरीफ अंसारी,शंकर प्रताप विश्वकर्मा, ज्ञानी राम,कामाख्या नारायण सिंह आदि ने अपने विचार रखे।

**झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), राँची एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा**

**"Mediation for the Nation"**
**"राष्ट्र के लिए मध्यस्थता"**
**दिनांक :– 01 जुलाई, 2025 से 30 सितंबर, 2025 तक।**

- यह अभियान विभिन्न प्रकार के मामलों पर केन्द्रित है जिसमें वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा मामले, समझौता योग्य अपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, विभाजन, बेदखली, भूमि अधिग्रहण और मध्यस्थता योग्य दिवानी मामले शामिल हैं।
- 01 जुलाई 2025 से 31 जुलाई, 2025 तक न्यायालय अपनी कारण सूची से विशेश मध्यस्थता अभियान के लिए पात्र मामलों की पहचान और सूची बनायेगा और इस अवधि में निपटारे की संभावने वाले मामलों को मध्यस्थता के लिए भेजा जायेगा।
- इस अभियान में पक्षकारों की सुविधा के लिए सप्ताह के सातों दिन मध्यस्थता निपटान के प्रयास किये जायेंगे जो पूरी तरह से ऑफलाईन, ऑनलाईन या हाईब्रिड मोड में आयोजित की जा सकती है।
- जिला विधिक सेवा प्राधिकार ऑनलाईन मध्यस्थता की सुविधा प्रदान करेगा।

NALSA Toll FREE No. – 15100

श्रीमती मरियम हेमरोम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा
एम0 अर्शी, पुलिस अधीक्षक–सह– सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा
श्रीमती कंचन सिंह, उपायुक्त–सह– उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा

निवेदक– जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

श्री राजीव कुमार सिन्हा
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
सिमडेगा।

PR 356844 Simdega(25-26).D

**महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक का कार्यालय, झारखण्ड, राँची**

**सूचना पट निविदा आमंत्रण सूचना सं0–06/2025–26**

**Service Prismatic Liquid Compass Mark 3- 20 Nos.** की आपूर्ति हेतु GST निबंधित स्थानीय फर्मो से **दिनांक 24.07.2025 को समय 16:00 बजे तक** मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

नियम एवं शर्ते :–

1. ईच्छुक फर्म अपने लेटर पैड पर निविदा दो भागों – तकनीकी एवं वित्तीय भाग में देंगे। तकनीकी भाग में GST, पैन नम्बर तथा पूर्व में किसी सरकारी संस्थानों में समान/समरूप उपकरण की आपूर्ति संबंधी प्रमाण प्रत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. **परिशिष्ट–01 के रूप में संलग्न विहित प्रपत्र के अनुसार वित्तीय भाग समर्पित करेंगे।** वित्तीय भाग में अंकित दर अंको/अक्षरों में होगी और उसमें कोई कटींग अथवा ओभर राईटींग मान्य नहीं होगा। ऐसी निविदा को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
3. Service Prismatic Liquid Compass Mark 3 का **Specifications परिशिष्ट–02 के रूप में संलग्न है।** उक्त Specifications के अनुरूप Service Prismatic Liquid Compass Mark 3 की आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. क्रयादेश निर्गत करने से पूर्व Procurement Committee आवश्यकतानुसार नमूना की मांग कर सकती है।
5. Service Prismatic Liquid Compass Mark 3 की आपूर्ति केन्द्रीय भंडार, होटवार, राँची में करना अनिवार्य होगा।
6. निविदा के दोनों भाग (तकनीकी एवं वित्तीय) को अलग–अलग लिफाफा में सील कर दोनों के उपर अलग–अलग यथा "तकनीकी भाग" एवं "वित्तीय भाग" लिख कर एक अन्य लिफाफा में डालकर और उसे भी सील कर अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से भेजना होगा। लिफाफा के उपर फर्म का नाम लिखा रहना अनिवार्य होगा।
7. निविदा का तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग दिनांक 25.07.2025 को समय 11:00 बजे Procurement Committee के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
8. निविदा समर्पित करने के पश्चात् निविदा से संबंधित किसी प्रकार का कागजात स्वीकार नहीं किया जायेगा।
9. महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि बिना कारण बताये निविदा को रद्द कर सकेंगे।
10. सम्पूर्ण निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट–01 एवं 02 सहित) झारखण्ड पुलिस के वेबसाईट www.jhpolice.gov.in पर उपलब्ध है। कार्यालय दिवस के दौरान पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची से भी संपूर्ण निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते है।

पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन)
झारखण्ड, राँची।

PR.NO.356933 Police(25-26):D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 10 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# ट्रेड यूनियनों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का दिखा व्यापक असर

**सीसीएल एनके एरिया की कोयला खदानों में उत्पादन और डिस्पैच हुआ प्रभावित**

**हड़ताल के समर्थन में एनके एरिया संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के प्रतिनिधि सड़क पर उतरे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** केंद्रीय संयुक्त ट्रेड यूनियनों के द्वारा बुधवार को घोषित राष्ट्रव्यापी हड़ताल का खलारी कोयलांचल में व्यापक असर दिखने को मिला। क्षेत्र के विभिन्न बैंक एवं कोयला खदानों में कार्य प्रभावित रहा। हड़ताल को लेकर सीसीएल एनके एरिया के सभी परियोजनाओं की कोयला खदानों में उत्पादन और डिस्पैच प्रभावित रहा। एनके एरिया संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के प्रतिनिधि बुधवार की सुबह से ही सभी परियोजनाओं में हड़ताल को सफल बनाने के लिए सड़क पर उतरे। वहीं मोर्चा के प्रतिनिधि एनके एरिया परियोजनाओं में कामगारों के साथ हड़ताल में शामिल हुए। इस दौरान हड़ताल में शामिल यूनियन प्रतिनिधियों एवं कामगारों ने केंद्र सरकार के चार श्रम कानून के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की। साथ ही केंद्र सरकार से मजदूर विरोधी चार श्रम कानूनों को वापस करने की मांग किया। हड़ताल को लेकर एनके एरिया की रोहिणी, केडीएच, डकरा, चूरी परियोजना में सीआईएसएफ जवानों को तैनात किया गया था। वहीं पुरनाडीह परियोजना में एसआईएसएफ जवान तैनात किये गये थे। हड़ताल के दौरान एनके एरिया संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा में शामिल आरकेएमयू से ललन प्रसाद सिंह, जेएमएस से डी पी सिंह, गोल्डेन प्रसाद यादव, युसीडब्लूयू से प्रेम कुमार, कृष्णा चैहान, एनसीओईए (सीटू) से शैलेश कुमार, शैलेंद्र कुमार सिंह, सीएमयू से ध्वजाराम धोबी, जेएलकेएम से रतिया गंझू, जेसीएमयू से रंथू उरांव एवं जगरनाथ महतो, रैयत विस्थापित मोर्चा से रामलखन गंझू अमृत भोगता, जगरनाथ महतो, शिवनारायण लोहरा, हेमलाल गंझू, के अलावा यूनियनों से देवपाल मुंडा, हरेंद्र सिंह, टूपा महतो, नवीन कुमार महतो, जयमंगल सिंह, रामु गोप, एवं दिनेश भुइयां सहित सैंकड़ों की संख्या में कोयला श्रमिक शामिल थे। वहीं हड़ताल के दौरान एनके एरिया की डकरा, केडीएच और रोहिणी परियोजना ज्यादा प्रभावित रहा।



हड़ताल के दौरान चूरी परियोजना गेट पर नारेबाजी करते एनके एरिया संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के प्रतिनिधि एवं श्रमिक।

## केंद्र सरकार मजदूरों, श्रमिकों और आदिवासी विरोधी नीतियों पर काम कर रही है: किशोर



संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर बुधवार को घोषित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन और भाकपा (माले) के द्वारा समर्थन दिया गया। माले एरिया सचिव कॉमरेड किशोर खंडित के नेतृत्व में कार्यकर्ता झील होटल के समीप खलारी बिजुपाड़ा मार्ग पर उतरे और सरकार विरोधी नारे लगाये। भाकपा (माले) के एरिया सचिव कॉ किशोर खंडित ने कहा कि केंद्र सरकार मजदूर, कर्मचारी और आदिवासी विरोधी नीतियों पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार जनविरोधी नीतियों को नहीं बदलेगी तो संघर्ष और तेज किया जायेगा। प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से जगदीश गंझू, एतवारी देवी, बलकिशुन लोहरा, शिबलक लोहरा, महेंद्र लोहरा, हना मिंज, बुधमनी देवी, दीना नायक सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## एनके एरिया में हड़ताल पुर्णतः सफल रही: संयुक्त मोर्चा



हड़ताल के दौरान एकत्रित संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के लोग।

खलारी (आजाद सिपाही)। एनके एरिया संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल को एनके एरिया में पुर्णतः सफल बताया है। कहा गया कि कोयलांचल एनके क्षेत्र में मजदूर हड़ताल के समर्थन में रहे। हड़ताल के कारण एरिया की सभी परियोजनाओं की कोयला खदानों में कोयला उत्पादन नहीं हुआ है। वहीं मोर्चा के नेताओं द्वारा एनके एरिया में हड़ताल को कामगारो द्वारा पुर्ण समर्थन देने पर आभार प्रकट किया गया।

## हड़ताल के समर्थन में उतरे रैयत विस्थापित मोर्चा के कार्यकर्ता



रोहिणी परियोजना में हड़ताल के समर्थन में रैयत विस्थापित मोर्चा के लोग।

राष्ट्रव्यापी हड़ताल को रैयत विस्थापित मोर्चा ने भी अपना समर्थन दिया था। हड़ताल को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा के काफी संख्या में कार्यकर्ता एनके एरिया की सभी परियोजना में डटे रहे और घूम घूम कर हड़ताल को सफल बनाने में भी अपनी अहम भूमिका निभायी। हड़ताल में रैयत विस्थापित मोर्चा से रामलखन गंझू अमृत भोगता, जगरनाथ महतो, शिवनारायण लोहरा, हेमलाल गंझू, के अलावा अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि सड़कों पर उतरकर किया विरोध-प्रदर्शन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर बुधवार को आयोजित एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में मिला-जुला असर देखने को मिला। पिपरवार में श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि सड़कों पर उतरकर अपना विरोध प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जानकारी के अनुसार पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना, पिपरवार परियोजना और सीएचपी/ सीपीपी परियोजना में हड़ताल का मिला-जुला असर देखने को मिला। परियोजना कार्यालय और पीट ऑफिस में मजदूरों की संख्या काफी कम रही जिसका असर कोयला उत्पादन एवं ट्रांसपोर्टिंग कार्यों पर भी देखा गया। बीएमएस और आरसीएमएस दददई गुट को छोड़कर बाकी सभी यूनियन इस हड़ताल में शामिल थे। वहीं इस हड़ताल का स्थानीय विस्थापित समितियों के द्वारा भी समर्थन किया गया। इस मौके पर रविंद्र नाथ सिंह, अरविंद शर्मा, इस्लाम अंसारी, भीम सिंह यादव, भीम प्रसाद मेहता, मोहम्मद रहमतुल्लाह, रामू गोप, अनिल कुंवर, मोहम्मद अब्दुल्ला, विधापति सिंह, इकबाल हुसैन, केके चतुर्वेदी, कासिम उर्फ मुन्ना, शंकर मुखर्जी, कयूम अंसारी, हरिवंश मेहता, बालेश्वर महतो, सोमर गंझू, विनोद मंडल, लालदेव गंझू, केशव यादव सहित काफी संख्या में श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि और कोयला मजदूर उपस्थित थे।

## स्व रमेश सिंह मुंडा की 17वीं शहादत दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी



बुंडू (आजाद सिपाही)। तमाड़ के पूर्व विधायक स्व रमेश सिंह मुंडा की 17वीं शहादत दिवस के अवसर पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर धर्मपत्नी वसुंधरा देवी, सुपुत्र विकास कुमार मुंडा, उनकी धर्मपत्नी गरिमा सिंह मुंडा, एवं पुत्राण प्रकाश सिंह मुंडा तथा क्रांतिवीर सिंह मुंडा द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर की गयी। इसके पश्चात जनसमुदाय, समाजसेवी, शिक्षकगण व शुभचिंतकों ने भी उन्हें स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये। गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि 9 जुलाई 2008 को बुंडू स्थित एसएस हाई स्कूल में आयोजित एक पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान नक्सलियों द्वारा रमेश मुंडा की निर्मम हत्या कर दी गयी थी। वे जनजातीय समाज की सशक्त आवाज थे और शिक्षा व विकास के क्षेत्र में उनका योगदान आज भी लोगों के हृदय में जीवित है। समारोह के अंत में दो मिनट का मौन रखकर उनकी पावन स्मृति को नमन किया गया तथा उपस्थित लोगों ने उनके अधूरे सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

# अड़की के जंगल से 18 आइइडी बम बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



बरामद आइइडी बम।

**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र की बोहोंडा पंचायत के बानामगड़ा जंगल से सुरक्षाबलों ने बुधवार को 18 शक्तिशाली आइइडी बम बरामद कर माओवादियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। बरामद प्रत्येक आइइडी बम का वजन लगभग तीन किलोग्राम है, जिसे बम निरोधक दस्ते द्वारा सुरक्षित निष्क्रिय कर दिया गया। इतनी बड़ी संख्या में बम की बरामदगी से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। खूंटी के एसडीपीओ वरुण कुमार रजक ने बताया कि पश्चिमी सिंहभूम पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से माओवादियों द्वारा अड़की क्षेत्र में आइइडी बम प्लांट किये गये हैं। इसी सूचना पर खूंटी पुलिस ने सीआरपीएफ 60वीं बटालियन और झारखंड जगुआर की टीम के साथ मिलकर सघन सर्च अभियान चलाया, जिसमें बोहोंडा बानामगड़ा जंगल से 18 आइइडी बरामद किये गये। ज्ञात हो कि बानामगड़ा क्षेत्र नक्सलियों का पुराना सुरक्षित अड्डा माना जाता रहा है, जहां से वे आसपास के इलाकों में आवाजाही करते थे। सुरक्षा बलों का यह अभियान माओवादियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम करने में सफल रहा है। खूंटी जिले में इस कार्रवाई को नक्सल विरोधी अभियान की एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि माओवादियों के किसी भी साजिश को नाकाम किया जा सके।

# विभिन्न मांगों को लेकर देशव्यापी हड़ताल पर प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका

**मांगे पूरी नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी दी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सोनाहातू।** प्रखंड स्थित बाल विकास परियोजना मुख्यालय परिसर में एकदिवसीय देशव्यापी आम हड़ताल के तहत प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका/ सहायिका हड़ताल कर प्रदर्शन किया। इन्होंने चार सूत्री मांगों को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम पर बीडीओ खगेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य मांग चार श्रमिक विरोधी कानून को तुरंत रद्द किया जाये। आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को 26,000/- न्यूनतम मानदेय किया जाए साथ ही पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान किया जाये। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार आंगनबाड़ी कर्मचारियों को ग्रेच्युइटी प्रदान किया जाये। टीएचआर वितरण के लिए एफआरएस की प्रक्रिया पूर्णतः बंद किया जाये, यह चार प्रमुख मांगें है। आंगनबाड़ी सेविका संघ की प्रखंड अध्यक्ष नीलम देवी ने कही कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा हमारी मांगों पर अविलंब निर्णय नहीं लिया गया, तो देशभर की आंगनबाड़ी सेविका सहायिका बाध्य होकर उग्र आंदोलन किया जायेगा। मौके पर संध्या देवी, तारा देवी, राधिका देवी, सारथी देवी, गीता रानी देवी, उपासीबाला देवी, पवित्रा देवी आदि समेत सैकड़ों सेविका सहायिका उपस्थित थे।

## पंचायत समिति की बैठक में योजना चयन की बनी सहमति

राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रमुख लीलमनी देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रखंड के सभी 9 पंचायत के 11 पंचायत समिति सदस्य प्रखंड विकास अधिकारी और पंचायत सचिव मौजूद थे। प्रखंड में संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए योजनाओं में पारदर्शिता लाने की बात कही गयी। इस दौरान सभी 9 पंचायत में नए योजनाओं के चयन करने की सहमति बनी। मौके पर उप प्रमुख उमेश महतो, बीडीओ अशोक कुमार,सभी पंचायत समिति सदस्य, सभी विभागो के अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद थे।

## पवन महतो बने राहे प्रखंड डीलर संघ के अध्यक्ष

राहे (आजाद सिपाही)। फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन इकाई रांची जिला के तत्वाधान में राहे प्रखंड डीलर संघ की बैठक मंगलवार को राहे में ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनोद महतो के अध्यक्षता में किया गया । बैठक में सर्वसम्मति से राहे प्रखंड डीलर संघ का पुनर्गठन किया गया। इसमें संघ के अध्यक्ष पवन कुमार महतो, सचिव मोइन अंसारी, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह का चयन किया गया। उपस्थित सभी डीलर ने चयनित संघ को बधाई दी।

# समन्वय बनाकर योजनाओं को धरातल पर उतारें अधिकारी : कालीचरण मुंडा

**जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवाार को खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गयी। उपायुक्त आर रॉनिटा ने सांसद को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार ने पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों पर की गयी कार्रवाई की जानकारी साझा की। इनमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं सहकारिता विभाग को इमली खरीद, लेमन ग्रास प्रोसेसिंग यूनिट संचालन एवं तेल क्रय की दिशा में कार्य करने, सड़क एवं पुल-पुलियों की मरम्मत हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिये गये। इसके अलावा जल संसाधन से संबंधित कार्यों, कृषि विभाग को बीजों की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने, विद्युत विभाग को मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना के तहत वंचित टोलों का विद्युतीकरण कार्य ससमय पूर्ण करने, शिक्षा विभाग को पठन-पाठन व्यवस्था सुदृढ़ करने, शिक्षकों को समय पर वेतन भुगतान एवं जर्जर विद्यालयों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

# अवैध बालू से लदे दो हाइवा जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता





**तमाड़।** पुलिस ने बुधवार रात गश्ती के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बालू से लदे दो हाइवा जब्त किये। यह कार्रवाई रांची-टाटा मार्ग पर टिकर मोड़ के समीप की गयी। थाना प्रभारी रोशन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ईचागढ़ के जारगोडीह बालू घाट से अवैध बालू लोड कर जमशेदपुर भेजा जा रहा है। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर दो हाइवा को पकड़ा, जिनमें एक का रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच05 एजी 8257 है, एवं अन्य एक और हाइवा शामिल है। पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही दोनों वाहन चालक अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गये। दोनों वाहनों को जब्त कर थाना लाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही तमाड़ के बादला घाट में भी अवैध बालू कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

गुप्त सुचना के आधार पर एसएसपी रांची के निर्देश पर बुंडू डीएसपी ने एक टीम गठित कर अवैध बालू लदे दो हाईवा को तमाड़ थाना क्षेत्र के टीकर मोड़ पर पकड़ा और तमाड़ पुलिस के हवाले किया है। यह अवैध बालू ईचागढ़ थाना क्षेत्र के जारगोडीह घाट से ले जाया जा रहा था। एनजीटी रोक के बाबजूद बालू माफिया बालू जमशेदपुर ले जा रहे थे तमाड़ पुलिस ने बताया कि टीकर मोड़ पर गाड़ी है जो लाक है, उसे तमाड़ थाना लाया जायेगा। फिर कागजी कार्रवाई की जायेगी।

## रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश से कई कच्चे मकान ध्वस्त,नदी नाले उफान पर



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में विगत कई दिनों से हो रहे भारी बारिश से आम लोगों का जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। ग्रामीण किसी भी जरूरी कार्य हेतु घरों से निकल नहीं पा रहे है। नदी नाले तालाब सब उफान पर है। सबसे ज्यादा चिंतित किसान है क्योंकि अब तक उनका खेत में धान की बिछड़ा तैयार नहीं हुआ है। वहीं प्रखंड क्षेत्र के नदिसाई पंचायत के नारो गांव में भारी बारिश के कहर से कार्तिक कालिंदी के घर पुरी तरह गिर गया। खबर मिलते ही झामुमो ईचागढ़ प्रखण्ड सचिव अमित कुमार सिन्हा पीड़ित के घर पहुंचे।मुआवजा एवं आर्थिक सहायता को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी से बात कर यथाशीघ्र मुआवजा देने का आश्वासन दिये।

## सड़क की मांग को लेकर नाराज आंगनबाड़ी सेविका सहायिका ने धान रोपनी कर नाराजगी जतायी



धान रोपनी कर नाराजगी जाहिर करती आंगनबाड़ी सेविका सहायिका।

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय से बाल विकास परियोजना कार्यालय तक सड़क की मांग को लेकर नाराज आंगनबाड़ी सेविका सहायिका ने धान रोपनी कर नाराजगी जतायी। आंगनबड़ी सेविका सहायिका का कहना है कि प्रखंड मुख्यालय से बाल विकास परियोजना कार्यालय तक आने के लिए कई सड़क नहीं है। जिसके कारण आम आदमी व कार्यालय संबंधित लोगों को आने जाने का कोई सड़क नहीं है जो आने जाने वाले लोगों को कीचड़ से गुजरना पड़ता है, जो न्यायिक नहीं है। इस संबंध में सोनाहातू बीडीओ खगेश कुमार को ज्ञापन देकर अतिशीघ्र सड़क बनाने की मांग की है। मौके पर मुख्य रूप से संध्या जायसवाल, अध्यक्ष नीलम देवी, कोषाध्यक्ष तारा देवी, राधिका देवी, सारथी देवी, गीता रानी देवी, उपासीबाला देवी, पवित्रा देवी सहित सेविका सहायिका मौजूद थी।

## श्रीजानकीरमन मंदिर खलारी में मास परायण कल शाम से

खलारी (आजाद सिपाही)। श्री जानकी रमन मंदिर खलारी में सावन महीने में होने वाला मास परायण शुक्रवार शाम से आरंभ हो जायेगा। मास परायण में पूरे एक महीने में एक बार रामचरित मानस का पाठ सामूहिक रूप से किया जाता है। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर के पूजा कमेटी के अध्यक्ष रंजन सिंह बिट्टू ने बताया कि शुक्रवार शाम सात बजे से रामचरित मानस का पाठ होगा। उन्होंने रामचरित मानस पाठ में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालु महिलाओं व पुरूषों को अधिक से अधिक संख्या में मास परायण में शामिल होने का अपील किया है।

# विद्यार्थी जीवन वह नींव है, जिस पर भविष्य की पूरी इमारत खड़ी होती है: अर्जुन मुंडा

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस, विद्यार्थियों को मिला सम्मान**


आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन हमारे जीवन की वह नींव है, जिस पर हमारे भविष्य की पूरी इमारत खड़ी होती है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था, उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाये। अर्जुन मुंडा बुधवार कों बिरसा कॉलेज कें बहुद्देशीय भवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व मुख्य अतिथि कें अलावा विशिष्ट अतिथि बिरसा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य सीकें भगत, रैन अस्पताल के निदेशक डॉ महेश कुमार रमण आदि ने संयुक्त रूप से माता सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रत्वलित कर कार्यक्रत का शुभारंभ किया। पूर्व मुख्सयमंत्री ने कहा कि आज आप सभी सम्मानित हो रहे हैं, यह आपके परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। मैं आप सभी से आह्वान करता हूं कि आप केवल किताबी ज्ञान तक ही सीमित न रहें, बल्कि अपने अंदर नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी और देशप्रेम की भावना को भी विकसित करें। आप ही हमारे देश का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत करें, अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहें और हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। मुझे विश्वास है कि आप सभी अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को छूयेंगे और अपने परिवार, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे।

डॉ रमण ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य एक स्वस्थ समाज के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। जिस प्रकार एक स्वस्थ शरीर के लिए संतुलित आहार आवश्यक है, उसी प्रकार एक स्वस्थ मस्तिष्क के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ चंद्र किशोर भगत ने कहा कि विद्यार्थी हमारे कॉलेज की आत्मा हैं और उनकी सफलता ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम को विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कुमारी दिशा आदित्या, मरांगहदा पंचायत के मुखिया प्रेमचंद टूटी, साकलदीप भगत, राजेश महतो, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, और मनोज कुमार सहित कर्ठ गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ जया भारती कुजूर और खेल प्रमुख राजकुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक अशोक टूटी, सह संयोजक हीरांजलि हेंब्रम, जिला संयोजक पवन कुमार और रांची विभाग संयोजक प्रकाश टूटी, चन, श्रद्धा, अनजनी, निमोनती, आश्रित, सलमा, रिया, मधुवा, सौरभ, योगेश, एतवा, हर्ष, विलासी, शबनम, पैरों, मंगल, कुंती, शिल्पा और सुखराम आदि ने योगदान दिया।

## राहे में बीएलओ को मिला तकनीकी प्रशिक्षण



राहे (आजाद सिपाही)। आगामी लोकसभा, विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर राहे प्रखंड सभागार में तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ अशोक कुमार ओर तकनीकी सहायक राजकुमार के देखरेख में किया गया। प्रखंड के बूथ संख्या 143 से 197 बूथ से सभी बीएलओ, पर्यवेक्षक, अमीन एवं आवास समन्वयकों को मतदान केंद्रों के नजरी नक्शा, स्थल सीमांकन एवं मुख्य मानचित्र से संबंधित तकनीकी जानकारी दी। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के तहत हर योग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में हो, यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। तकनीकी प्रशिक्षण से इस कार्य को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

## सबसे बेहतर है डीसी रांची का जनता दरबार:मुस्तफा अंसारी



रांची(आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव मुस्तफा अंसारी ने कहा कि विगत दिनों सरकार आपके द्वार कार्यक्रम प्रखंड से लेकर पंचायत तक यह कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में बीडीओ सीओ ने आम जनता से आवेदन लिया गया। उन आवेदनों का निष्पादन करने में संतोषजनक प्रतिफल नहीं आया। इस बात की पुष्टि आम जनों से मिलने के बाद पता चलता है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त रांची हर मंगलवार को अपने कार्यालय में जनता दरबार लगा रहे है। इस जनता दरबार में रांची की आम जनता चाहे वह शहरी क्षेत्र का हो या ग्रामीण क्षेत्र की जनता का आवेदन पर जब संबंधित पदाधिकारी के पास उपायुक्त का फोन जाता है तुरंत काम हो रहा है। उपायुक्त के कार्यालय से जब फरियादी निकलते हैं उनके चेहरों पर मायूसी नहीं खुशी झलकती है। इसी कारण उपायुक्त रांची के इस जनता दरबार कार्यक्रम में भीड़ बढ़ती जा रही हैं।

# खेत से निकालने की कोशिश में ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत


मृतक चालक विश्राम पाहन की फाइल फोटो।


खेत में पलटा ट्रैक्टर।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लापुंग।** खूंटी जिले के कर्रा थाना अंतर्गत जरियागढ़ बाम्हनटोली गांव में बुधवार की दोपहर खेत जुताई के दौरान फंसे ट्रैक्टर को निकालने के क्रम में पलट जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान विश्राम पाहन (47) के रूप में हुई है। घटना दोपहर 1.30 बजे घटित हुई। जानकारी के मुताबिक चालक विश्राम पाहन अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। खेत में लबालब पानी भरा हुआ था। इसी बीच ट्रैक्टर खेत में फंस गया था। विश्राम पाहन ट्रैक्टर को बाहर निकालने का प्रयास कर रहा था। तभी अचानक से ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया और विश्राम ड्राइवर स्टेयरिंग के नीचे दब गए। यह देख आसपास के खेतों में काम कर रहे अन्य किसान दौड़ कर पहुंचे और ट्रैक्टर के नीचे दबे विश्राम पाहन को निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उधर, घटना की सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गयी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेज दिया। बाद में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक अपने पीछे चार बेटियां छोड़ गया है। उसकी असामयिक मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। गांव के लोगों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को मुआवजा और सहायता प्रदान करने की मांग की है।

# दिव्यांग शब्द सामाजिक कलंक की तरह है : राजेश कुमार सिन्हा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची डालसा के सचिव रवि कुमार भास्कर के निर्देश पर दिव्यांग बच्चों के विशेष अभियान के तहत बुधवार को बहुबजार स्थित संत मिखाईल दिव्यांग स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से उपस्थित एलएडीसी डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा ने दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि दिव्यांग व्यक्ति समाज के सबसे उपेक्षित वर्गों में से एक हैं। दिव्यांगता शब्द को एक सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता था, जिससे माता-पिता अपने बच्चों पर शर्म महसूस करते थे। उनमें से अधिकांश डर के कारण आज भी सार्वजनिक तौर पर असहज महसूस करते हैं। दिव्यांग बच्चे कभी खुद को असहाय, असहज और हीन भावना से ग्रसित न समझे, क्योंकि आप भी समाज के अभिन्न अंग है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उच्च शिक्षा, सरकारी नौकरी, चिकित्सा, रोजगार, ट्रेन, इनकम टैक्स सहित अन्य क्षेत्रों में आरक्षण व्यवस्था लागू है। अगर कोई भी व्यक्ति दिव्यांगजनों के साथ किसी तरह का भेदभाव करता है, तो इस अधिनियम के तहत पांच लाख रुपये जुर्माना और सात साल तक की कैद भी हो सकती है। उन्होंने नालसा की ओर से चलाई जा रही योजना 'साथ' और 'आशा' के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी। इस दौरान डालसा के पीएलवी की ओर से पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण किया गया। इस मौके पर डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी प्रिया कुमारी, रजनी कुमारी, मो इमरान और राजा वर्मा आदि उपस्थित थे।

# अनगड़ा में निकला मुहर्रम का जुलूस, शामिल हुए विधायक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल मुहर्रम कमेटी हेसल के तत्वावधान में बुधवार को गोंदलीपोखर में मुहर्रम का जूलूस निकाला गया। इससे पहले हेसल, मासू, साल्हन एवं तुरूप गांव से मुहर्रम का जुलूस निकला। जिसका गोदलीपोखर बाजार में एक साथ मिलन हुआ। इस दौरान नारे तकबीर, या हुसैन, या अली आदि नारों से पूरा इलाका गुंजता रहा। इस अवसर पर अस्त्र शस्त्र चालन का शानदार प्रदर्शन किया गया। खिलाड़ियों ने लाठी, तलवार, भाला आदि से एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश कच्छप के अलावा विशिष्ट अतिथि जमीयतुल मोमीनन 84 पंचायत के सदर मजीद अंसारी, प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया कविता देवी, मुस्तफा अंसारी, डॉ अमर कुमार चौधरी, डॉ रिझू नायक, अनवर खान, सिकंदर अंसारी, बनमाली महतो, सुरेश कुमार, किस्टो कुजूर आदि थे। विधायक राजेश कच्छप को तलवार भेंट कर एवं अन्य अतिथियों का स्वागत पगड़ी पहना कर किया गया। इस मौके पर सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मिन्हाज आलम, महमूद अंसारी, रज्जाक अंसारी, सिकंदर अंसारी, सिदिक अंसारी, इब्राहिम अंसारी, सलीम अंसारी, साकीर अंसारी, अब्बास अंसारी, रब्बानी राज, अब्दुल इमाम अंसारी, युनूस और इमरान आदि उपस्थित थे।

# अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** उरूगुट्टू सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के तत्वाधान में बुधवार को अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन आजसू के कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, समाजसेवी कुर्बान खान एवं आजसू के प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव ने तलवार भांजकर किया। प्रतियोगिता में कांके, बुढ़मू, रातू, मांडर, लोहरदगा, चतरा, रामगढ़ से आये दर्जनों टीमों ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन कमेटी की ओर से सभी टीमों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर समिति के नदीम अख्तर,अमजद खान, इकबाल अंसारी, आजाद अंसारी, मंजूर अंसारी, जैनुल अंसारी, फारुख अंसारी और तस्लीम अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# लगातार बारिश से ढहा कच्चा मकान 3 बच्चों सहित बाल-बाल बची महिला

## मलबा गिरने से पहले ही दीवार के एक कोने में बच्चों को छिपाकर बचायी जान


अपने मकान के ढहे हुए हिस्से पर खड़ी महिला।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिकिदिरी।** कुच्चू पंचायत अंतर्गत बदरी गांव की रहने वाली पानो देवी का घर मंगलवार की रात लगातार बारिश के चलते ढह गया। पानो देवी रात में अपने बच्चों के साथ घर में ही सोयी थी। तभी रात 10 बजे जोरदार बारिश होने के कारण घर की दीवार अचानक धंस गयी और घर का आधे हिस्से का खपरैल की छत भरभरा कर गिर गयी। हालांकि पहले ही आहट मिल जाने के कारण सभी सदस्य किसी तरह घर के एक कोने में छिपकर अपनी जान बचा सके। जानकारी के मुताबिक पानो देवी एक छोटे से कमरे में तीन बच्चों के साथ रहती है। लेकिन पिछले एक महिने से लगातार मूसलाधार बारिश से घर में पानी घुस गया था। जगह-जगह से खपरैल से पानी टपक रहा था। जिस कारण घर की दीवार में दरार आ गयी थी। पानो देवी ने बताया कि बरसात में घर गिरने से अब रहने की आफत हो गयी है। चिंता सता रही कि बच्चों को लेकर बारिश के इस मौसम में कहां सिर छिपाये। अबुवा आवास भी नहीं मिला है। इधर, घर गिरने की सूचना पाकर जेएलकेएम के केंद्रीय सचिव सह ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया पीड़ित महिला के घर पहुंचे और ढहे मकान का जायजा लिया। इसके बाद अनगड़ा बीडीओ से पीड़ित महिला को तत्काल अबुवा आवास स्वीकृत करने की मांग की।

# जोड़ा मंदिर के स्थापना दिवस पर 251 महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम-पुरुलिया रोड स्थित श्री जोड़ा मंदिर के वार्षिकोत्सव पर दो दिवसीय अनुष्ठान को लेकर बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 251 महिलाएं जोड़ा मंदिर प्रांगण से कलश लेकर सिपाही नदी घाट रेलवे पुल के निचे पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर के पुजारी सुबोध पाठक ने श्रद्धालुओं के कलशों में नदी का पवित्र जल भरा। इसके बाद महिलाएं जोरार बस्ती के देवी मंडप, नामकुम रेलवे स्टेशन स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर और जोरार गांव का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची। जहां वेदी पूजन के साथ कलश स्थापित की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं, मंदिर परिसर में 24 घंटे का रामायण पाठ का शुरू किया गया। वहीं, गुरुवार को सुंदरकांड तदुपरांत पूजा, हवन एवं आरती के बाद महाप्रसाद के रूप में भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में मंदिर के अध्यक्ष राजकुमार सिंह, सचिव जानकी साव केसरी, पूर्व कर्नल वीरेंद्र कुमार सिंह, शशि सिंह, प्रमोद केशरी, रमेश पांडेय, पिटू सिंह, श्याम किशोर सिंह, रिंटू सिंह, नवीन सोनी, शिव शर्मा, नीरज दूबे, बिरेंद्र सिंह, अवध बिहारी सिंह, अरविंद उपाध्याय, शुभम गुप्ता और रजनीकांत ओझा आदि मौजूद थे।

# 11 को निकलने वाली जल-कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** उल्लातू स्थित बाबा महाकालेश्वर धाम में होने वाले श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर बुधवार को दुर्गा महादेव मंदिर में मातृशक्ति की बैठक हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में जलाभिषेक कार्यक्रम, कांवड़ यात्रा, पूजा-पाठ और महिला सहभागिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित महिलाओं एवं प्रतिनिधियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने-अपने स्तर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बताया गया कि 11 जुलाई को आयोजित कांवड़ यात्रा सुबह सात बजे ओरमांझी छठ नदी घाट से भव्य जल उठाकर बाबा महाकालेश्वर धाम, उल्लातू पहुंचकर जलाभिषेक के साथ सम्पन्न होगी। इस मौके पर मुखिया दीपक बड़इक, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री शशि मेहता, पंसस ललिता मेहता, रूपेश साहू, रीना साहू, उषा मेहता, रसांति देवी, पूजा सिंह, सोनी मेहता, मोनी केशरी, छाया देवी एवं रीता गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# जन शिकायत को लेकर ओरमांझी सीओ से मिलीं आरती कुजूर



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की मिल रही शिकायतों के बाद भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष नेहा सिंह, दीपा चौरसिया, किरण देवी और मनी देवी ने बुधवार को सीओ उज्जवल सोरेन से मिलकर जन समस्याओं को विधि सम्मत समाधान करने की अपील की। आरती कुजूर ने कहा कि वर्तमान सरकार में जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है। प्रखंड से लेकर जिला तक बिना लेन देन के कोई भी काम नहीं होता। जमीन का म्यूटेशन अंचल के अधिकारियों के लिए दुधारू पशु के समान है।

# श्रावण माह शुरू होने से पहले ठीक हो बिजली व्यवस्था: वीरू साहू



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झामुमो के उपाध्यक्ष वीरु साहू ने सावन माह को लेकर नामकुम-लोवाडीह के मार्गो पर स्ट्रीट लाइटों का निरीक्षण कर बिजली विभाग से उन्हें दुरुस्त करने की मांग की। बताते चले की 11 जुलाई से सावन माह शुरू हो रहा है। भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु और कवाड़िए नामकुम स्वर्णरेखा नदी पहुंचते है। जिससे पूरे सावन भर यहां की सड़के श्रद्धालुओं के आवागमन से गुलजार रहती है। रात के समय श्रद्धालुओं और कावड़ियों को कोई परेशानी ना हो इसे लेकर झामुमो के उपाध्यक्ष वीरु साहू गंभीर है। बुधवार की शाम उन्होंने नामकुम क्षेत्र के सभी मार्गो का भ्रमण कर बिजली व्यवस्था का निरीक्षण किया। बताया कि सभी जगह व्यवस्थाएं सही नहीं मिली है। उन्होंने बिजली विभाग को तत्काल स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को सही करने का निर्देश दिया।

# ईंट-भट्ठा संचालकों को कागजात दुरुस्त रखने का निर्देश



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** झारखंड ईंट निमार्ता संघ रांची के तत्वाधान में बुधवार को बुढ़मू प्रखंड में बैठक हुई। जिसमें रांची जिला कमेटी के अध्यक्ष अभय तिवारी, महासचिव रामदास साहू, सचिव गोपाल दास, कोषाध्यक्ष अजीत चौधरी, पश्चिमी क्षेत्र रांची जिला अध्यक्ष मोहन साहू, मांडर प्रखंड से मो अयूब अंसारी, मनीष कुमार आदि शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता जगजीवन महतो ने किया। जिसमें सभी ईंट भट्ठा मालिकों को भट्ठा संचालन कोलेकर आवश्यक कागजात दुरुस्त करने एवं 2000 पीस ईंट लोडिंग से संबंधित नियमों को लेकर चर्चा की गयी। कहा गया कि जिला में जीतने भी ईंट भट्ठा संचालन कर रहे हैं उन सभी को कागजात से संबंधित जानकारी प्रदेश एवं जिला कमेटी से प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में बुढ़मू प्रखंड संरक्षक मो इदु खान, यूनुस खान, दारा सिंह, दिनेश यादव अध्यक्ष, प्रदीप कुमार प्रसाद, मो जुल्फान खान, सनोज यादव, निशांत कुमार, पिंटू अंसारी, सदाम खान, गुलसाद अंसारी, शाहजहां अंसारी, रोहित यादव, नीरज साहू, सत्यम कुमार आदि मौजूद रहे।

## अभाविप ने राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मनाया अपना 77वां स्थापना दिवस

# अभाविप शिक्षा ही नहीं, सामाजिक और राजनीतिक जगत में भी बढ़ चढ़कर कार्य कर रहा : सुशांति



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का 77वां स्थापना दिवस बेड़ो इकाई ने राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान अभाविप बेड़ो ने सरस्वती विद्या मंदिर सभागार में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, बेड़ो की मुखिया सुशांति भगत, अभाविप के प्रवासी सनातन गोराई, नगर उपाध्यक्ष नीरज मिश्रा और नगरमंत्री विक्रम कुमार महतो ने दीप प्रवल्लन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वाणी राय ने कहा कि विद्यार्थी परिषद विश्व की सबसे बड़ी एकमात्र राष्ट्रवादी छात्र संगठन है। जो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से प्रेरणा लेकर बनी है। जहां-जहां विद्यार्थी हैं वहां-वहां अभाविप आज कार्य कर रहा है। वहीं, मुखिया सुशांति भगत ने कहा कि बेड़ो अभाविप केवल शिक्षा जगत ही नहीं, बल्कि सामाजिक एवं राजनीतिक जगत में भी बढ़ चढ़कर कार्य करता है। उन्होंने अभाविप के 77वें स्थापना दिवस की सभी को शुभकामनाएं और बधाई दी। वहीं, अभाविप के प्रवासी सनातन गोराई ने विद्यार्थी परिषद के स्थापना काल से आज तक हुए ऐतिहासिक कार्यों को बताया। कहा कि कि बांग्लादेश को तीन बीघा भूमि देने के खिलाफ परिषद ने ऐतिहासिक सत्याग्रह किया था। वहीं, नगर मंत्री विक्रम महतो ने विषय प्रवेश रखते हुए कहा कि अभाविप विश्व का पहला ऐसा छात्र संगठन है, जिसने कश्मीर के धारा 370 के खिलाफ एक लंबा संघर्ष किया था। अभाविप बेड़ो के कार्यकर्ता सदैव छात्र हित के कार्यो में संलग्न रहते है। इस दौरान प्रखण्ड के पहली मैट्रिक टॉपर्स छात्रा श्रुति कुमारी को 94 प्रतिशत लाने, छात्रा प्रीति कुमारी को 90 प्रतिशत, सुनील मुंडा को 90 प्रतिशत, पवन कुमार महतो, 90 प्रतिशत और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नीतिश चटर्जी सहित दर्जनों विद्यार्थियों को मोमेंटो, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंच संचालन दिवाकर महतो एवं धन्यवाद ज्ञापन रुपाली कुमारी ने किया। इस मौके पर आकाश रक्षित, रोहन महतो, योगेश कुमार, हेमन्त कुमार, लक्ष्मण कुमार, मनीषा कुमारी, काजल कुमारी, रीमा कुमारी, उन्नति कुमारी और उमा कुमारी आदि मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में युवक-युवती गंभीर, रिम्स रेफर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के जरिया गांव के समीप बुधवार की सुबह 10.30 बजे कार एवं बाइक की टक्कर में बुलेट सवार युवक और एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी। उनकी पहचान अलताब चौधरी (29) और पूजा कुमारी (17) के रूप में हुई है। दोनों भरनो थाना क्षेत्र के सरगांव गांव के रहने वाले हैं। वहीं, रांची निवासी कार चालक सुनील ठाकुर एवं कार में बैठे केसीबी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ विनोद सिंह भी घायल हो गये। वार्ड सदस्य अभय कुमार महली एवं ग्रामीणों ने उपचार के लिए घायलों को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ मेघा भगत एवं डॉ सुमित्रा कुमारी ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल अलताब और पूजा को बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर बेड़ो थाना के एसआई नंदु पैरा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों गाड़ियों को जब्त कर थाना ले लाए। इधर, घायल अलताब चौधरी ने बताया कि वे दोनों भरनो से रांची जा रहे थे। इसी बीच यह घटना घटी।

# एनएचआइ की लापरवाही से बेड़ो में हो रहीं दुर्घटनाएं

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** एनएच 23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग चौड़ीकरण कार्य आरकेडी कंपनी की ओर से किया जा रहा है। जिसमें भारी लापरवाही बरते जाने का आरोप है। उक्त सड़क निर्माण कार्य में सड़क में डस्ट चिप्स एवं बोल्डर सने हुए ढेर को छोड़ दिया जाता है। जिससे आये दिन बेड़ो थाना क्षेत्र में दुर्घटना हो रही है। बुधवार की सुबह भी 10.30 बजे बुलेट एवं कार की टक्कर में युवक एवं युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इसके पहले विगत सोमवार की सुबह 11 बजे हरिहरपुर के जामटोली गांव के समीप बने ब्रिज के ऊपर भी सड़क में जमे डस्ट चिप्स एवं बोल्डर सने ढेर को छोड़ दिया है जिससे टकरा कर गिरने से रांची निवासी बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हालांकि बुधवार को दुर्घटना के बाद दोपहर में सड़क में जमे डस्ट चिप्स एवं बोल्डर सने ढेर को हटा दिया गया।

# गुमला में सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन जिला कमिटी गुमला के तत्वावधान में डीएसपी रोड केदार बगान से देशव्यापी आम हड़ताल की गयी। मजदूरों की रैली केदार बगान होते हुए टावर चौक से मेन रोड होते हुए पटेल चौक तक मार्च किया। पटेल चौक पर दो घंटे तक सड़क जाम कर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार की जनविरोधी और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ नारे लगाये। प्रदर्शन को यूनियन-ऐक्ट के जिला अध्यक्ष महेन्द्र जेक्सन ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश के चार करोड़ मजदूरों के हित में गुलामी जैसे चार लेबर कोड को रद्द किया जाये। केंद्र सरकार को चाहिए कि वह मजदूरों के हित में पुराने 44 श्रम कानूनों को बहाल करे। सरकार को मजदूरों के हित में अच्छे कानून बनाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। मानव तस्करी पर सख्त रोक लगे। इस देशव्यापी हड़ताल में बड़ी संख्या में मजदूर शामिल हुए। इनमें देवकी देवी, विद्यासागर खेस, सुषमा देवी, बसंती देवी, बिनोद लोहरा, अनिता देवी, भमति देवी, फूलो देवी, सुलेखा देवी, भारती कुजुर, मंगरा, मरियम पन्ना, मनपूरण लोहरा समेत कई मौजूद रहे।




## मजदूर संघ सीएफटीयूआइ ने दिया समर्थन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मजदूर संघ सीएफटीयूआई ने बुधवार को सिसई रोड छठ तालाब के पास केंद्र सरकार की श्रम विरोधी और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन प्रदेश सचिव जुम्मन खान के नेतृत्व में हुआ। मजदूरों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत सड़क पर उतरकर अपने हक और अधिकार की मांग की। संघ ने केंद्र सरकार से चार प्रमुख मांगें रखीं। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। मौके पर जिला अध्यक्ष रजाक बक्स, उपाध्यक्ष कृष्णा कुमार वर्मा, महिला विंग की प्रदेश सचिव सुनीता कुमारी, शांति टोप्पो, संतोष कुमार महली, मुनू बक्स सहित बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## झारखंड जेनरल कामगार यूनियन से जुड़े मजदूरों ने घाघरा में की हड़ताल



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सेंटर फॉर स्ट्रगलिंग ट्रेड यूनियन्स (सीएसटीयू) के आह्वान पर झारखंड जेनरल कामगार यूनियन से जुड़े मजदूरों ने हड़ताल किया तथा घाघरा में जुलूस निकाला और चांदनी चौक घाघरा में पीएम नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। जुलूस स्थानीय नेतरहाट रोड से शुरू होकर ब्लॉक चौक तक गया। वहां से वापस चांदनी चौक पहुंचा जहां सभा हुई। तत्पश्चात पुतला फूंका गया। जुलूस का नेतृत्व संयुक्त रूप से यूनियन के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव तथा सचिव सुरेश प्रसाद यादव ने की। मौके पर उपस्थित मजदूरों को सम्बोधित करते हुए सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि कुर्बानियों के दम पर मिले अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी ताकत से संघर्ष किया जायगा। मोदी सरकार को मजदूर विरोधी चार श्रम संहिता वापस लेना होगा। मौके पर सुदर्शन भगत, बंधु महली, राजेन्द्र उरांव, विनोद उरांव, विफैया उरांव, सीता राम उरांव, अजय यादव, तेतला उरांव, अनिल उरांव, बिहारी उरांव सहित सैकड़ों अन्य मजदूर शामिल थे।

# 14 को होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम : चैतु उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक परिसदन भवन सभागार में हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने की। बैठक में जिला संगठन प्रशिक्षक सुभाष नाग मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रखंड अध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों की जिम्मेदारी बढ़ गयी है। सभी को आईसीसी के वार रूम से ऑनलाइन जुड़ना होगा। साथ ही प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों को अपने-अपने प्रखंडों के पंचायतों में रात्रि विश्राम कर लोगों से जुड़ना है। पंचायत के सभी वार्डों में बैठक कर कांग्रेस की नीति और सिद्धांतों से लोगों को अवगत कराना है। पंचायत कमिटी का विस्तार करना है। सुभाष नाग ने कहा कि गुमला जिला कांग्रेस का जनाधार मजबूत है। कार्यकर्ताओं की सक्रियता देखकर खुशी हो रही है। सभी लोग शॉर्ट नोटिस पर भी बैठक में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने बताया कि प्रखंड कमिटी और मंडल अध्यक्षों को मनोनयन पत्र दे दिया गया है। पंचायत अध्यक्षों को भी जांच के बाद मनोनयन पत्र दिया जायेगा। बताया कि 14 जुलाई 2025 को नगर भवन गुमला में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। इसमें झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू, सह प्रभारी बेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष कमलेश केशव महतो और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम में गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा जिलों के प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष भाग लेंगे। सभी को प्रशिक्षण दिया जायेगा। बैठक में डुमरी प्रखंड के बसंत भगत को प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत कर मनोनयन पत्र सौंपा गया। बैठक में फिरोज आलम, तरुण गोप, आरिफ हुसैन अख्तर, भुनेश्वर राम, खुदी भगत दुखी, ज्योति कुजूर, मुख्तार आलम, पवन केवट, जहांगीर आलम, रामनिवास प्रसाद, मिनाज खान, अल्बर्ट तिग्गा, विजय ठाकुर, गुलाम सरवर, इस्माइल कुजूर, निरंजन बाड़ा, अजीत क्रेरकेटा, विकास साहू, आशीष नाथ शाहदेव, बैबुल अंसारी, राजू भगत, अरुण पांडे, विकास गुप्ता समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## भारी बारिश से बेघर हुआ गरीब परिवार प्रशासन से की मुआवजे की मांग



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश से जहां खेतों में पानी भर गया है, वहीं कई कच्चे मकान भी प्रभावित हुए हैं। गोविंदपुर पंचायत के बड़काडीह गांव की रहने वाली ज्योति पन्ना का मकान 8 दिन पूर्व तेज बारिश के कारण भरभरा कर गिर गया। सौभाग्यवश कोई जानमाल की हानि नहीं हुई, लेकिन घर के भीतर रखा सारा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित परिवार फिलहाल दूसरों के घर में शरण लिए हुए है और खाने-पीने की भी गंभीर समस्या का सामना कर रहा है। पीड़ितो ने बताया कि उनके पास रहने के लिए अब कोई ठिकाना नहीं बचा है और प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगायी है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और प्रखंड प्रशासन से तत्काल राहत और पुनर्वास की मांग की है।ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि प्रखंड क्षेत्र का निरीक्षण कर क्षति का आकलन किया जाए और प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री और पुनर्वास की सुविधा शीघ्र उपलब्ध करायी जाये। ग्रामीणों का कहना है कि जारी प्रखंड में कई और मकान बारिश से प्रभावित हुए हैं। अगर समय पर प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## पेसा कानून लागू करने की मांग को लेकर 11 को लिट्टाटोली से राजभवन तक पदयात्रा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** पेसा कानून लागू करने को लेकर सिसई प्रखंड के सभी सरना समाज के गणमान्य जनता को कार्यक्रम संयोजक महेन्द्र उरांव के द्वारा जानकारी देते हुए आग्रह किया गया है कि आगामी 11 जुलाई 2025 को स्व कार्तिक उरांव के पैतृक गांव लिट्टाटोली में उनके और उनकी पत्नी स्व सुमति उरांव के समाधि स्थल पर पहान पुजार के द्वारा पूजा अर्चना और श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजभवन रांची के लिए पदयात्रा का शुभारंभ किया जायेगा। पदयात्रा में शामिल समाज के लोगों का दोपहर 12 बजे सिसई कुम्हार मोड़ पहुंचने पर ढोल नगाड़ों के साथ पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत करते हुए केंद्रीय सरना स्थल थाना चौक सिसई लाया जायेगा। जहां सभी सरना समाज के लोग एकत्रित होंगे एवं उन्हें जलपान कराया जायेगा। तत्पश्चात भरनो के लिए प्रस्थान करेंगे एवं मासू टोली भरनो में रात्रि विश्राम करेंगे। 12 जुलाई को बेड़ों पहुंचकर रात्रि विश्राम और 13 जुलाई को रांची बजरा में रात्रि विश्राम तथा 14 जुलाई को राजभवन का घेराव किया जायेगा। इस पदयात्रा की अगुवाई सरना समाज की निशा कुमारी भगत द्वारा की जायेगी। पदयात्रा के दौरान मुख्यरूप से केन्द्रीय सरना समिति के सचिव रोपना उरांव, सरना समिति के जिला अध्यक्ष हंदु भगत, इंद्रदेव उरांव, संजय पाहान सहित भारी संख्या में सरना समाज के लोग शामिल रहेंगे।

## क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता : अभिनव भगत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड परसा पंचायत के पोगडा गांव में सांसद मद से गांव को जोड़ने वाले फेबरब्लाक सड़क का उद्घाटन युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव भगत एवं सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने किया। इस अवसर पर अभिनव भगत ने कहा कि क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है लोगों से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान करना है जनता ने जिस विश्वास से सांसद सुखदेव भगत को चुना है उस विश्वास पर खरा उतारने का प्रयास किया जा रहा है सांसद लोकसभा में जनता की आवाज बनाकर मुखरता से अवाज उठा रहे हैं । ग्रामीणों ने सड़क के लिए संसद का आभार व्यक्त किया है इस अवसर पर निगरानी सदस्य रूपेश कुमार सन्नी, स्माइल कुजूर, अमित अंबर सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे।

## व्यवसायी विनोद जाजोदिया के निधन पर गुमला चैंबर ने शोक जताया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के जाने माने व्यवसायी चैंबर सदस्य विनोद जाजोधया का दो दिन पूर्व सिसई रोड स्थित उनके प्रतिष्ठान के सामने ही निर्माण हत्या कर दी गयी थी। जिसकी वजह से व्यवसाययों में एक रोष और गम का माहौल था। उनके पार्थिव शरीर का मंगलवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके आकस्मिक निधन पर चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि विनोद हम सबके काफी निकट थे उनका व्यवहार काफी सुंदर था उनके अचानक से निधन पर हम सबको काफी अफसोस है। उन्हों ने चैंबर की तरफ से शोक प्रकट किया और उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की उन्होंने कहा कि दुख की इस बेला में पूरा चेंबर उनके परिवार के साथ खड़ा है। शोक प्रकट करने वालों में चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह जी के साथ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी समेत कई मौजूद रहे।

# बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को कांग्रेस ने बताया केंद्र की साजिश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रमको लेकर कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के जिला मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता ने इसे बिहार की जनता के खिलाफ बड़ी साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि आयोग का यह निर्णय दमन से भरा हुआ है। यह लोकतंत्र की नींव पर हमला के समान है। उन्होंने कहा कि एक आंकड़ा के मुताबिक बिहार के आठ करोड़ मतदाताओं में से 59 फीसदी की उम्र 40 साल या उससे कम है। यानी करीब 4 करोड़ 76 लाख लोगों को अपनी नागरिकता अब साबित करनी होगी। साल 2001 से 2005 के बीच जन्मे बच्चों में केवल 2.8 फीसदी के पास ही जन्म प्रमाणपत्र है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग बीजेपी के सेल की तरह काम कर रहा है। उसकी शर्तें एनआरसी जैसी हैं। प्रवक्ता ने कहा कि अगर मतदाता सूची में सुधार करना ही था तो यह काम लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद पूरे देश में किया जाता। सिर्फ बिहार को क्यों निशाना बनाया गया। जुलाई में बड़ी संख्या में मजदूर कृषि कार्य के लिए बाहर जाते हैं। ऐसे में यह प्रक्रिया लाखों लोगों को मतदाता सूची से बाहर करने का जरिया बन जायेगी। उन्होंने इसे लोकतंत्र की खुली हत्या बताया। उन्होंने सवाल उठाया कि इतनी बड़ी प्रक्रिया शुरू करने से पहले आयोग विपक्ष के राजनीतिक दलों से सलाह क्यों नहीं ली। आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा-आरएसएस के इशारे पर महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी विधानसभा चुनाव कराने की साजिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब राहुल गांधी ने आयोग से मतदाता सूची और मतदान केंद्र की वीडियोग्राफी की मांग की तो आयोग चुप रहा। महाराष्ट्र की मतदाता सूची आज तक नहीं दी गयी। उल्टा वीडियोग्राफी का कानून ही बदल दिया गया, ताकि सच्चाई को दबाया जा सके। पहले प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सीजीआई मिलकर चुनाव आयुक्त चुनते थे। अब मोदी सरकार ने सीजीआई को हटाकर उनकी जगह अपने कैबिनेट मंत्री को चयन समिति में शामिल कर लिया। कांग्रेस प्रवक्ता ने चुनाव आयोग से मांग की है कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय कुदा के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की हुई मौत, दूसरे घायल युवक को ईलाज के लिये किया गया रांची रिम्स रेफर। यह घटना बीती मंगलवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे के आसपास की है। बताया जा रहा है कि कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव पोकला बरदाटोली निवासी सैमसन देमता उम्र 18 और मनीष देमता उम्र 23 वर्ष, अपने स्कूटी मे सवार होकर रात्रि के वक्त कामडारा से पोकला बरदाटोली अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान राजकीय मध्य विद्यालय कुदा स्कूल के पास खूंटी -सिमडेगा मुख्य पथ पर खड़ी एक ट्रक के पीछे जाकर जोरदार ढंग से जा टकराये और गिर पड़े। जिसमें से एक युवक सैमसन देमता की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि दूसरे युवक मनीष देमता को गंभीर चोट लगी है।

# सांसद प्रतिनिधि ने नवनिर्मित नहर का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सांसद सुखदेव भगत के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा एवं दिशा सदस्य अनिरुद्ध चौबे, रूपेश कुमार सन्नी ने मारासिल्ली पंचायत के मारासील्ली ग्राम में नवनिर्मित नहर का निरीक्षण किया ज्ञात हो कि सांसद को ग्रामीणों ने नहर निर्माण में अनियमितता की शिकायत की थी। निरीक्षण के क्रम में सदस्यों ने पाया कि नहर निर्माण में भारी अनियमितता बरती गयी है जगह-जगह नहर टुटे हुए है। निर्माण कार्य में स्पष्ट भ्रष्टाचार हुआ है ऐसा प्रतीत होता है सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण ऐसा हुआ है व्यापक जांच होना चाहिए एवं संवेदक को काली सूची में डालना चाहिए। अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि गरीब किसानों के साथ धोखा है अविलम्ब करवाई होना चाहिए। दौरा कार्यक्रम में मो मोक्तार, रफी अली बिरसा उरांव सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीडीसी ने घाघरा में विकास कार्यों का किया निरीक्षण, विद्यालय में बच्चों से हुए रूबरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण बुधवार को उपविकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने किया। साथ ही राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोटाम्बी में बच्चों से पठन-पाठन को लेकर रूबरू हुए। इस दौरान डीडीसी ने बच्चों से गणित का फामूर्ला सहित कई सवाल पूछे जिनका जवाब बच्चों ने बेहतर तरीके से दिया। शिवराजपुर पंचायत में सामूहिक रूप से किसानों के द्वारा 16 एकड़ में लगे बागवानी का निरीक्षण किया और काफी खुश हुए उन्होंने कहा बेहतर तरीके से किसानों ने बागवानी लगाया है। घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डायलिसिस सेंटर व मातृत्व विभाग सहित साफ सफाई का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घाघरा पंचायत के मुखिया योगेंद्र भगत पंचायत सचिव से योजनाओं की जानकारी के साथ साथ धान बीज वितरण की जानकारी ली। घाघरा स्थित राशन दुकानदार विश्वनाथ प्रसाद साहू के जन वितरण दुकान का निरीक्षण किया और समय से कार्डधारियों को राशन देने का निर्देश दिया है। जिसके उपरांत प्रखंड मुख्यालय के सभागार में सभी विभाग की समीक्षात्मक बैठक की और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडियो दिनेश कुमार, बीपीओ बेबी कुमारी, डॉ अरविंद कुशल एक्का, विनय कुमार, अशोक कुमार व निर्मल उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

-: आवश्यक सूचना :-

लातेहार जिला अंतर्गत **बालूमाथ (वर्त्तमान थाना बारियातु) थाना काण्ड संख्या 160/2019, दिनांक 24.07.2019, धारा 384/385/386 भा0द0वि0, 25(1-A)/26(2)/35 आर्म्स एक्ट, 4/5 वि0पदा0अधि0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट** के प्राथमिकी अभियुक्त एवं गैरजमानती वारंटी विनोद गंझू पे0 स्व0 जगदेव गंझू उर्फ शनिचर गंझू सा0 जोरदाग, टोला पिपराटॉड़, थाना लावालौंग, जिला चतरा के विरूध विधिवत इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार-प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

| क्रम सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1 | विनोद गंझू पे0 स्व0 जगदेव गंझू उर्फ शनिचर गंझू सा0 जोरदाग, टोला पिपराटॉड़, थाना लावालौंग, जिला चतरा। |

पुलिस अधीक्षक,
लातेहार

PR 356882 (Police)25-26*D

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
प्रपत्र VII
समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिघोषणा**
**(अधिनियम-30/2013 की धारा-19 (1) के अधीन)**

चुकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना ईचाक मोड एन0एच0-33 से डुमरौन होते हुए बहिमर चौक तक चौडीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु ग्राम-सारूगाडुखुर्द, थाना-कटकमसांडी, थाना-सं0-49, अंचल-कटकमसांडी, जिला-हजारीबाग में कुल **0.209** एकड़ यानि **0.08461** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.209** एकड़ यानि **0.08461** हेक्टेयर है और जो ग्राम-सारूगाडुखुर्द, थाना-कटकमसांडी, थाना-सं0-49, अंचल-कटकमसांडी, जिला-हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :-

| क0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 12 | 15/1 | निजी | टांड-III | 0.031 | रामचन्द्र साव पिता स्व0 देवकी साव | सडक | प्लौट 16 | नीज | सडक |
| 2 | 12 | 15/2 | निजी | टांड-III | 0.031 | मुखलाल साव वो प्रेमचन्द साव वगै0 पिता देवकी साव | सडक | प्लौट 16 | नीज | सडक |
| 3 | 12 | 15/3 | निजी | टांड-II | 0.030 | श्यामसुन्दर राम वगै0 पिता स्व0 जगदीश राम | सडक | प्लौट 16 | नीज | सडक |
| 4 | 12 | 15/4 | निजी | टांड-III | 0.030 | केदार पाण्डेय पिता स्व0 बंशी पाण्डेय | सडक | प्लौट 16 | नीज | सडक |
| 5 | 12 | 15/5 | निजी | टांड-III | 0.031 | बालकृष्ण राम पिता स्व0 प्रभु नारायण राम | सडक | प्लौट 16 | नीज | सडक |
| 6 | 12 | 15/6 | निजी | टांड-III | 0.031 | सुमा देवी पति चेतलाल राजा | सडक | प्लौट 16 | नीज | सडक |
| 7 | 17 | 16/1 | निजी | टांड-III | 0.006 | गिरधारी साव वो रामचन्द्र साव पिता स्व0 देवकी साव | प्लौट 15 | प्लौट 17 | नीज | सडक |
| 8 | 17 | 16/2 | निजी | टांड-III | 0.006 | धनु रमण पिता गंदौरी रमण | प्लौट 15 | प्लौट 17 | नीज | सडक |
| 9 | 17 | 16/3 | निजी | टांड-III | 0.005 | देवकी लाल वगै0 पिता स्व0 सोहन साव | प्लौट 15 | प्लौट 17 | नीज | सडक |
| 10 | 20 | 17/1 | निजी | टांड-III | 0.004 | किशोर राम वो कैलाश साव वो अशोक वगै0 पिता स्व0 सुभाष राम | प्लौट 16 | सिमाना | नीज | सडक |
| 11 | 20 | 17/2 | निजी | टांड-III | 0.004 | मनोहर सिंह पिता स्व0 दशरथ सिंह | प्लौट 16 | सिमाना | नीज | सडक |
| कुल | | | | | 0.209 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0-30/2013 की धारा 15 प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन कि लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-

ग्राम-सारूगाडुखुर्द, थाना-कटकमसांडी, थाना-सं0-49, अंचल-कटकमसांडी, जिला-हजारीबाग में कुल **0.209** एकड़ यानि **0.08461** हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

उपायुक्त,
हजारीबाग

PR 356926 Land Reforms(25-26)#D

## JHARKHAND URJA VIKAS NIGAM LIMITED

(CIN: U40108JH2013SGC001603)
Regd. Office: Engineering Building, H.E.C, Dhurwa, Ranchi -834004,

**Job Contract Notice No.-02 /2025**
(Notice for Contractual Employment)

Applications are invited from eligible Doctor Candidates (Retired) for the following post (Purely Contractual) on consolidated salary as per Planning-cum-Finance Deptt., Govt. of Jharkhand R.No. 1243 dtd. 28.04.2016 (Terms & Conditions of salary may change in future if JUVNL's BoD decides to adopt Finance Department, Govt. of Jharkhand Resolution No.- 928, dated-06.04.2022) in Jharkhand Urja Vikas Nigam Limited and subsidiary companies under its Medical Deptt. situated at Nigam's Colony, Kusai, Doranda and SRHP, Sikidiri.

Details of post & other requirements are as under:-

| Sl. No. | Details | Requirements/Information |
|---|---|---|
| 1. | Name of Post | Senior Medical Consultant (Contract) |
| 2. | No. of Vacancy | One (01) post |
| 3. | Essential qualification | MBBS + MD Degree from a recognized university with experience in internal medicine in Govt. Medical College/Institution. |
| 4. | Age | Maximum 70 Years |
| 5. | Nature of Duties | Coordination and implementation of medical facility/consultancy at all sites of Nigam. Communication to Nigam Hqr. And other sites. Preparation of financial documents, Programme report, report writing, etc. Travelling to the prescribed sites, attending meetings and implementation of medical facility/consultancy. |
| 6. | Consolidated Emoluments | In accordance with GoJ Resolution No. 1243 dtd. 28.04.2016. |
| 7. | Tenure | **One (01) year** (extendable for another year depending upon the previous work record) |
| 8. | Syllabus for Interview | Degree level alongwith experience, if interview conducted. |
| 9. | Place of work | Nigam Colony, Kusai; SRHP, Sikidiri and Nigam(HQ) |
| 10. | Date & Time of Scrutiny / Interview | To be Intimated Later. |

**Selection Procedure:-**Interview will be conducted of the eligible candidates after scrutiny and if found eligible for the post advertised. The candidates should bring five (05) copies of bio-data along with all certificates of educational qualifications, experience, last drawn pay statement, Aadhar Card, Two (02) passport size photographs (self attested). Original certificates will have to be produced at the time of interview.

**General Conditions:-**No TA/DA will be paid for attending the interview. Selected candidate will be eligible for leave as per Nigam rules. Selected Candidate will have to give an undertaking that he/she is willing to undertake the assignment under the Nigam and they understand that this job is purely on contract and no claim for regularization will be entertained in future.

**For any Query:-** email-gm.hr.juvnl@gmail.com

Interested candidates may submit their application with their detailed biodata either through email or through post on the following address/email id:-

General Manager (P&GA), Jharkhand Urja Vikas Nigam Ltd., Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi-834004.
email id- gm.hr.juvnl@gmail.com

Last date of receiving the application is 25.07.2025 upto 06:00 pm.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
GM (P&GA)
JUVNL, Ranchi

PR 356896 Jharkhand Urja Vikas Nigam Ltd(25-26)D

## श्रमिक संगठनों के बंद का दिखा बोकारो में भी मिलाजुला असर



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आइएनडीआइए गठबंधन एवं 10 श्रमिक संगठनों की ओर से चार लेबर कोर्ड कानून सहित 17 सूत्री मांगों के समर्थन में बुधवार को आहूत राष्ट्रव्यापी आंदोलन का बोकारो में मिलजुला असर दिखा। बंद समर्थक शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर सुबह से ही सक्रिय दिखे। जगह-जगह मार्ग अवरुद्ध करने का प्रयास किया। हालांकि शहरी क्षेत्रों में इस बंद का कोई खास असर नहीं दिखा। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किया था। प्रशासन की ओर से पुलिस बल के अतिरिक्त बल मुस्तैद थे। हालांकि लंबी दूरी के वाहन नहीं चले। इधर ,प्लांट के प्रवेश गेटों पर विभिन्न श्रमिक संगठनों ने सक्रियता दिखाई और हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। बैंक और बीमा सेक्टर में हड़ताल का व्यापक असर दिखा। सभी बैंक एवं बीमा कार्यालय में कामकाज ठप रहा। बंद समर्थकों ने केंद्र सरकार की श्रम नीतियों एवं निजीकरण के प्रयासों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। कहा कि देशभर में कर्मचारियों, ट्रेड यूनियनों एवं संगठित-असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हक को नजरअंदाज किया जा रहा है। यह हड़ताल कर्मचारियों एवं श्रमिक के हितों की रक्षा के लिए बेहद जरूरी है। केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध आगे भी किया जाएगा। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के पेंशन योजना, बोकारो स्टील के कर्मचारियों की 39 माह के बकाए वेतन का भुगतान करने, पुराने पेंशन स्कीम को लागू करने, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के निजीकरण की नीति पर रोक लगाने आदि मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

# श्रमिक यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल का धनबाद में दिखा मिलाजुला असर

## एलआइसी की सभी शाखाएं रही बंद, रणधीर वर्मा चौक पर बंद समर्थकों का प्रदर्शन

- बीसीसीएल की शाखाओं पर भी दिखा असर, काम प्रभावित

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** केंद्र सरकार की मजदूर और किसानों के लिए बनायी गई नीतियों के विरोध में देशव्यापी हड़ताल का धनबाद में भी असर दिखा। बीसीसीएल के विभिन्न इलाकों में कोयला श्रमिक अपने कोलियरी कार्यालय और खदानों में पहुंचे तो जरूर, लेकिन विरोध स्वरूप काम नहीं किया। रीजनल वर्कशाप और मधुबन कोल वाशरी में कर्मियों ने हाजरी नहीं बनाया। संयुक्त मोर्चा के नेता सुबह से ही हाजरी घर के पास बैठे रहे। सेल के टासरा प्रोजेक्ट में भी बंदी का असर दिखा। वहीं, सेल के चासनाला कोलियरी में बीसीकेयू के बैनर तले आर्थिक नाकेबंदी की गई। भौंरा एवं सुदामडीह में संयुक्त मोर्चा के बंद का असर दिखा। बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह परियोजना के प्रथम पाली में भी श्रमिक नहीं पहुंचे। इस कारण बीसीसीएल के अधिकांश एरिया में काम प्रभावित हुआ। वहीं, धनबाद जिले के विभिन्न बैंकों में भी काम ठप रहा। डाकघरों के कर्मचारी भी हड़ताल पर हैं। दूसरी ओर, जिले में एलआइसी की सभी शाखाओं में संपूर्ण हड़ताल रही। रणधीर वर्मा चौक पर हेमंत मिश्रा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। हालांकि गोविंदपुर में बंद का कोई असर नहीं दिखा। अन्य दिनों की ही तरह बुधवार को भी दुकानें खुली रहीं। सड़क पर वाहनों की आवाजाही भी सामान्य ही रही। हालांकि झरिया, कतरास, निरसा और मैथन के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बंद का असर दिखा। बंद समर्थक श्रमिक कोड कानून को रद्द करने, अनुबंध कर्मियों को 26 हजार रुपये वेतनमान देने, सरकारी संस्थानों का निजीकरण बंद करने और काम के आठ घंटे तय करने अदि की मांग कर रहे थे। उधर, हजारीबाग मंडल के एलआइसी कर्मियों ने बीमा कर्मचारी संघ के बैनर तले मंडल कार्यालय के अधिकार क्षेत्र के तहत आने वाले सभी 37 कार्यालयों में संपूर्ण तालाबंदी कर हड़ताल को सफल बनाया। इस अवसर पर मंडल कार्यालय परिसर में इएएचडी के मंडलीय सांगठनिक सचिव अमित कुमार, सचिव सुबीर कुमार राम और राकेश कुमार ने बेरोजगारी, गरीबी-भूखमरी, शिक्षा और स्वास्थ्य की गंभीर समस्या, किसानों की बदहाली और देश की परिसंपत्तियों का अत्यधिक केंद्रीयकरण को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। इस मौके पर बासु बहादुर, शुभम राज, नीशेष सिन्हा, प्रशांत सिन्हा और पंकज कुमार आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे।

## हड़ताल पूरी तरह सफल : ब्रजेंद्र सिंह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड इंटक के उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बुधवार का भारत बंद पूरी तरह सफल रहा। कहा कि ट्रेड यूनियन की एकजुटता के चलते सभी क्षेत्रों, यहां तक की सरकारी प्रतिष्ठानों में भी ताला लटका रहा। इस बंद से केंद्र सरकार को सबक लेना चाहिए। कहा कि मजदूर के विरुद्ध नया लेबर कोड लागू नहीं किया जाए। किसानों के पक्ष में जो भी कदम उठाना पड़े उसे सरकार उठायें। बैंकों का भी निजीकरण ना हो। अगर समय रहते सरकार नहीं चेती तो इससे भी बड़ा हड़ताल हो सकता है।

## आज के बच्चे कल का भविष्य हैं : रीता प्रसाद



दी पेंटिकॉस्टल स्कूल में मना 36वां संस्थापक दिवस

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल का 36वां संस्थापक दिवस बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के संस्थापक सह निदेशक बी प्रसाद की दूरदृष्टि को सम्मानित करने के लिए आयोजित इस समारोह में स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं, शिक्षक एवं गैर शैक्षणिक कार्यों से जुड़े अन्य कर्मी भी शामिल रहे। इस अवसर पर शैक्षणिक अधिकारी रीता प्रसाद ने ईश्वर में विश्वास रखने और जीवन के हर पहलू में ईमानदारी बनाए रखने का संदेश दिया। कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। कहा कि विद्यालय निदेशक की यह यात्रा समाज की सेवा करने के सपने के साथ शुरू हुई और अपने त्याग, कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प, समर्पण और आशावाद के माध्यम से उन्होंने उस सपने को हकीकत में बदल दिया। कहा कि मनुष्य अपने जीवन में एक ही लक्ष्य का चयन करता है। उस लक्ष्य तक पहुंचने के कई रास्ते होते हैं, जिनका चयन हमें खुद करना पड़ता है। समारोह की शुरूआत विद्यालय के निदेशक के जन्मदिन की शुभकामनाओं के साथ हुई। वहीं, प्री-नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने स्वागत भाषण एवं गीत से शमां बांधा। इसके अलावा भारतनाट्यम नृत्य, नाटक, कविता, आदि रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों एंव संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। पौधे के छोटे-छोटे गमलों पर बच्चों ने अपनी चित्रकारी द्वारा नए रंगों को उकेरा और निदेशक को उपहार यिा। प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने भी खुशी जाहिर की। बताया कि विद्यालय संस्थापक दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक क्षण होता है, जो हमें अतीत से जुड़ने, वर्तमान को सराहने और भविष्य की ओर उत्साह से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है।

## नीट में सफल पूनम मंडल को किया गया सम्मानित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर की छात्रा दामोदरपुर निवासी पूनम मंडल ने नीट में 526 अंक (एआईआर 27205, ऑल इंडिया कैटिगरी रैंक 12500) लाकर धनबाद का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए पूनम मंडल को उसके आवास में जेपी अस्पताल के अध्यक्ष सह भाजपा महानगर कोषाध्यक्ष प्रदीप मंडल एवं भाजयुमो के महानगर जिलाध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने सम्मानित किया। प्रदीप मंडल ने पूनम मंडल की नीट में मिली सफलता को उज्जवल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस सफलता पर हम सभी को गर्व है। यह सफलता अन्य विद्यार्थिओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। वहीं, पूनम के भाई सुदीप मंडल ने भी खुशी जाहिर की।

## कोल सेक्टरो में थमे वाहनों के पहिये, उत्खनन भी प्रभावित

श्रम सुधार की आड़ में सरकार मजदूरों के मूलभूत अधिकारों को समाप्त कर रही : राजेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** केंद्र सरकार के नये श्रम कानून के विरोध में आहूत राष्ट्रव्यापी बंद में देशभर के कथित रूप से 25 करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारी शामिल हुए। इस कारण सार्वजनिक सेवाएं, परिवहन, बैंकिंग और कोल सेक्टर पर व्यापक असर दिखा। बाघमारा के मुराईडीह बरोरा, मुडीडीह, तेतुलमारी, वेस्टमुडीडीह, कतरास और रामकनाली सहित अन्य कोलयरियों में श्रमिक संगठन एकजुट होकर बंद का समर्थन किये। बीसीसीयल एरिया चार के रामकनाली में कई जगहों पर लेबर कोड के प्रति को जला कर विरोध करते हुए केंद्र सरकार से इसे रद्द करने की मांग की गयी। इस दौरान कोलयरियों में वाहनों के छक्के थम गए थे। उत्खनन भी पूरी तरह से प्रभावित हुआ। वहीं सीटू के राज्य सचिव एवं झामुमो के वरीय नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा ने कहा कि भारत बंद का मकसद केंद्र सरकार की उन नीतियों का विरोध करना है, जिन्हें हम लोग मजदूर-किसान विरोधी कह सकते है। सरकार श्रम सुधारों की आड़ में मजदूरों के अधिकारों को कमजोर कर रही है। हड़ताल और सामूहिक सौदेबाजी जैसे मूलभूत अधिकारों को समाप्त कर रही है और नौकरी की स्थिति को अस्थिर बना रही है।

## पार्किंग के जरिये अवैध कब्जा का प्रयास विफल

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील लिमिटेड की संपत्ति पर अवैध कब्जे की एक और कोशिश को प्रबंधन ने समय रहते विफल कर दिया। बीएसएल नगर सेवा कार्यालय के सामने क्लासिक होटल के पास खाली पड़ी जमीन पर पार्किंग के जरिए अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया। जानकारी मिलते ही बीएसएल प्लांट नगर सेवा भवन के सुरक्षा विभाग के डीजीएम कर्नल आरएस शेखावत मौके पर पहुंचे और तत्काल कार्रवाई करते हुए सुरक्षा विभाग के होमगार्ड की मदद से पार्किंग वाली जमीन में ताला बंद करवा दिया। कर्नल शेखावत ने स्पष्ट किया कि यह जमीन बीएसएल की है। किसी को भी सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से पार्किंग करने का अधिकार नहीं है। इस कार्रवाई के बाद अवैध पार्किंग पूरी तरह बंद कर दी गई है। जमीन को बीएसएल के नियंत्रण में ले लिया गया है। इस बाबत बीएसएल प्रबंधन ने दोहराया कि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि या कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुरक्षा विभाग की सतर्कता से समय रहते बीएसएल की संपत्ति को अवैध कब्जे से बचा लिया गया है। मौके पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में ऐसी कोई भी गतिविधि दिखे तो तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि बीएसएल प्रबंधन लगातार अपनी संपत्ति पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चला रहा है और अतिक्रमण हटाने के लिए त्वरित कार्रवाई कर रहा है।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का सावन मेला 13 को



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सरायढेला शाखा की ओर से 13 जुलाई को हीरापुर अग्रसेन भवन में एकदिवसीय सावन मेला का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी संगठन की अध्यक्ष नीलिमा अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि समिति पिछले 10 वर्षों से इस मेले का आयोजन करती आ रही है। इसके आयोजन में समिति की सभी सदस्याएं सक्रिय हैं। सचिव मीतू तुलस्यान ने बताया कि मेले में कपड़े, राखी, बेडशीट, होम डेकोर, ज्वेलरी,गिफ्ट आइटम्स एवं खाने-पीने और खेलने के कुल 20 स्टाल लगाए जायेंगें। वहीं, ज्योति अग्रवाल ने कहा कि सावन मेले के इस कार्यक्रम से जो भी आय होगी उसे जरूरतमंदों की सहायता की जाएगी। इस मौके पर नीलिमा अग्रवाल, मीतू तुलस्यान, एकता गांगेसरिया, रंजू गोयल, ज्योति अग्रवाल, बिना भरतीया, मंजू सांवरिया, आशा, संध्या, उर्मिला, श्वेता, रेखा, निशा, संगीता, सुमन, चेरी, बीना, पूनम, किरण, नीला, शशि, अनीता, उपासना, ललिता और मीनू आदि उपस्थित रहीं।

## असंगठित मजदूर ने की बंद चानक की डोली पर चढ़ कर जान देने की कोशिश

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सेल जीतपुर कोलियरी के असंगठित मजदूर विजय गुप्ता उर्फ बिरजू ने बंद कोलियरी को चालू करने की मांग को लेकर चानक के डोली के ऊपर चढ़ कर जान देने की कोशिश की है। हालांकि पुलिस के प्रयास से बिरजू को सकुशल नीचे उतार लिया गया। बतातें चलें कि सेल जीतपुर कोलियरी को प्रबंधन ने सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया है। इससे असंगठित मजदूरों के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गया है। कोलियरी में 400 असंगठित मजदूर इसी कोलियरी में काम कर अपनी रोजी रोटी चलाते थे। जानकारी के मुताबिक इस दिन जीतपुर कोलियरी पहुंचे बिरजू ने होम गार्ड के जवानों की एक ना सुनी और चानक पर चढ़ कर जान देने की कोशिश की। तभी किसी ने जोड़ापोखर पुलिस को इसकी सूचना दे दी। खबर पाते ही पुलिस गस्ती दल ने जीतपुर कोलियरी पहुंच कर बड़ी मुश्किल से उसे नीचे उतारा। उधर, आठवें दिन बुधवार को धरना पर बैठे राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के शाखा सचिव रंजीत यादव उर्फ गुड्डू ने कहा कि मजदूर भूखमरी की कागार पर पहुंच गए है जिसकी सारी जिम्मेदारी सेल प्रबंधन की है। दूसरी ओर, कोलियरी महाप्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि युवक 10 मिनट ही चानक पर चढ़ा था जिसे उतार दिया गया है। यह जांच का विषय है कि युवक चानक पर चढ़ कैसे गया है।

## गुरु पूर्णिमा पर आज मंदिर से निकलेगी भव्य साई पालकी यात्रा

### साई मंदिर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन, विधायक ने किया शुभारंभ



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयला नगर सीबीएस ऑफिस के समीप साईं मंदिर में बुधवार को आयोजित 24 घंटे अखंड कीर्तन का शुभारंभ धनबाद विधायक राज सिन्हा और श्रीराम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इससे पहले विधायक, उदय प्रताप सिंह, भजन गायक ब्यास शशि सिंह एवं उनकी कीर्तन मंडली को अंग वस्त्र ओढाकर सम्मानित किया गया। मंदिर की पूजा में जजमान उदय प्रताप सिंह और उनकी पत्नी रेनू सिंह बैठे और तुफानी पंडित ने विधि विधान से पूजा करवाया। इस अवसर पर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर साईं बाबा की पालकी यात्रा मंदिर से निकाली जाएगी जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। गुरु पूर्णिमा को ही भव्य भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस नेता गुड्डू सिंह, कौशल पांडे, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, भाजपा के मनोज मालाकार, युवा नेता प्रवीण सिंह, राजू सिंह, श्वेताभ सिंह, चंदन कुमार, मुनि देवी, परवीन, अजय केसरी, बीएन चोबे, ब्रिज लोचन, रवि पांडे और कृष्णा आदि उपस्थित रहे।


**कार्यालय: कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, कोडरमा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा कोडरमा अन्तर्गत प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु औपबंधित सूची तैयार की गई है। चयनित अभ्यर्थियों के दक्षता जॉच (Skill Test) दिनांक 17.07.2025 को 10:00 बजे पूर्वा0 में समाहरणालय, (NIC Office) कोडरमा में किया जाना है। चयनित अभ्यर्थी उक्त तिथि को ससमय पहुंचकर दक्षता जॉच (Skill Test) में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

नोट – अधिक जानकारी के लिए कोडरमा जिला के वेबसाईट **koderma.nic.in** एवं **ATMA** के वेबसाइट **www.atmakoderma.in** पर देखा जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–परियोजना निदशक
आत्मा, कोडरमा

PR 356863 Agriculture (25-26)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**
mail-rdsdgumla123@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/05/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिलान्तर्गत कामडारा प्रखण्ड के सरिता पंचायत में ग्राम पकरा में कम्पाट मुण्डा 22 पहड़ा भवन निर्माण | 2,49,99,700.00 | 5,00,000.00 | 10000.00 | 18 माह |
| 2 | Construction of Parha Cultural house at jhariya Dipa Near Dari Tongri Block Sisai Gumla | 2,49,99,700.00 | 5,00,000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –15.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 15.07.2025 से दिनांक 22.07.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 24.07.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 356851 Rural Development(25-26).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**अतिअल्पकालीन ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-03/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | किस्को प्रखण्ड के ग्राम नवाडीह में मजहर अंसारी के घर से श्मशान घाट की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 11,73,650.00 | 23,500.00 | 2500.00 | 2 माह |
| 2 | सेन्हा प्रखण्ड के ग्राम सेन्हा में पंचम महतो के घर से महेश केरकेट्टा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 9,62,650.00 | 19,300.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 3 | कुडू प्रखण्ड के पंचायत ककरगढ़, ग्राम लालपुर में सलामत मियॉ के घर से नूर मोहम्मद कुरैशी के घर होते हुए नजरूदीन अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 23,91,850.00 | 47,900.00 | 5000.00 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 14.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.07.2025 से दिनांक 21.07.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 23.07.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 06526–295021
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 356831 Lohardaga (25-26)_D

# नौसेना को सौंपा गया स्वदेशी गोताखोरी सहायता पोत 'निस्तार'



### गहरे समुद्र में चलाया जा सकेगा बचाव अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पहला स्वदेशी रूप से निर्मित गोताखोरी सहायता पोत बुधवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। यह पोत गहरे समुद्री में गोताखोरी और बचाव अभियान चला सकती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह पोत गहरे पानी में बचाव कार्य करने वाली पनडुब्बी (डीएसआरवी) के लिए 'मदर शिप' यानी मुख्य जहाज के रूप में भी काम करेगा, ताकि पनडुब्बी में किसी आपातकाल की स्थिति में कर्मियों को बचाने और निकालने में मदद मिल सके। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा, निस्तार पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित गोताखोरी सहायता पोत है। इसे हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने आठ जुलाई को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना को सौंपा गया। उन्होंने बताया कि यह एक खास तरह का पोत है और गहरे समुद्र में गोता लगाने और बचाव का काम करने में सक्षम है। ऐसी क्षमता दुनिया की कुछ ही नौसेनाओं के पास होती है। यह युद्धपोत भारतीय रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आइआरएस) के नियमों के अनुसार डिजाइन और बनाया गया है।

# पीएम मोदी को दिया गया नामीबिया का सर्वोच्च सम्मान

## चार अहम समझौतों पर किये गये हस्ताक्षर

**एजेंसी**

**विंडहोक।** भारत और नामीबिया के बीच बुधवार को चार अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। समझौते ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने से संबंधित हैं। इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा के बीच हुई बातचीत के बाद बताया गया। अपने पांच देशों के दौरे के अंतिम चरण में ब्राजील से यहां पहुंचे पीएम मोदी ने स्टेट हाउस में राष्ट्रपति नंदी-नदैतवा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। बाद में पीएम मोदी को नामीबिया का सर्वोच्च सम्मान दिया गया। वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने स्वास्थ्य, चिकित्सा, जैव ईंधन



और आपदा प्रतिरोधी सहित कई क्षेत्रों में चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। यह प्रधानमंत्री मोदी की नामीबिया की पहली और किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नामीबिया की तीसरी यात्रा है। राष्ट्रपति नंदी-नदैतवा के निमंत्रण पर यहां पहुंचे पीएम मोदी ने नामीबिया को अफ्रीका में एक मूल्यवान और विश्वसनीय साझेदार बताया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी का स्टेट हाउस में औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्हें 21 तोपों की सलामी भी दी गयी। इससे पहले विंडहोक एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री मोदी का नामीबिया के पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने कलाकारों के साथ ढोल भी बजाया।

नामीबिया में प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली और किसी भारतीय प्रधानमंत्री की तीसरी यात्रा है। 27 सालों बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री नामीबिया दौरे पर है। इससे पहले 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी नामीबिया गये थे। 1990 में उस वक्त प्रधानमंत्री रहे वीपी सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी सहित बड़े नेता नामीबिया के पहले स्वतंत्रता दिवस पर वहां गये थे।

# मस्क की कंपनी को भारत में सभी मंजूरियां मिलीं

## हाईस्पीड सैटेलाइट इंटरनेट देगी स्टारलिंक




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में काम शुरू करने की परमिशन मिल गयी है। रॉयटर्स के मुताबिक भारत के स्पेस रेगुलेटर ने स्टारलिंक को कमर्शियल ऑपरेशन शुरू करने का लाइसेंस दे दिया है। इसका मतलब है कि अब स्टारलिंक भारत में अपनी सर्विस दे पायेगी। सूत्रों के अनुसार यह आखिरी रेगुलेटरी मंजूरी है, जिसका स्टारलिंक को इंतजार था। यह कंपनी 100 से अधिक देशों में सैटेलाइट के जरिए इंटरनेट सेवा देती है। स्टारलिंक 2022 से भारत में लाइसेंस का इंतजार कर रही थी। पिछले महीने उसे टेलीकॉम मिनिस्ट्री से एक जरूरी लाइसेंस मिला था, लेकिन स्पेस डिपार्टमेंट से मंजूरी मिलना बाकी था। स्टारलिंक और स्पेस डिपार्टमेंट ने इस बारे में तुरंत कोई जवाब नहीं दिया है। स्टारलिंक तीसरी कंपनी है जिसे भारत में स्पेस में काम करने की परमिशन मिली है। इससे पहले यूटेलसैट की वनवेब और रिलायंस जियो को भी भारत सरकार ने मंजूरी दी थी। अब स्टारलिंक को सरकार से स्पेक्ट्रम लेना होगा। स्पेक्ट्रम एक तरह का रेडियो फ्रीक्वेंसी होती है, जिससे डेटा भेजा और रिसीव किया जाता है। इसके अलावा, कंपनी को ग्राउंड इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बनाना होगा। मतलब, जमीन पर कुछ स्टेशन बनाने होंगे ताकि सैटेलाइट से कम्युनिकेशन हो सके।

स्टारलिंक को यह भी साबित करना होगा कि वह सभी सुरक्षा नियमों का पालन करती है। इसके लिए टेस्टिंग और ट्रायल किए जायेंगे।

मस्क और मुकेश अंबानी की जियो के बीच स्पेक्ट्रम को लेकर काफी बहस हुई थी। दोनों चाहते थे कि भारकार सैटेलाइट सर्विस के लिए स्पेक्ट्रम कैसे दे। आखिर में, भारत सरकार ने मस्क का साथ दिया और कहा कि स्पेक्ट्रम को असाइन किया जायेगा, नीलाम नहीं किया जायेगा। मतलब, सरकार स्पेक्ट्रम देगी, उसकी बोली नहीं लगायेगी।

# राजस्थान के चूरू में वायुसेना का जगुआर लड़ाकू विमान क्रैश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान के चूरू में भारतीय वायु सेना का जगुआर फाइटर जेट क्रैश हो गया है। इस हादसे में विमान के पायलट और को-पायलट शहीद हो गए हैं। जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वहां बड़े इलाके में फाइटर जेट का मलबा बिखरा पड़ा है। यह हादसा बुधवार (9 जुलाई) को दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर हुआ। भारतीय वायु सेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित की है। चूरू एसपी जय यादव ने बताया-राजलदेसर थाना क्षेत्र के गांव भाणूदा में प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें दो लोगों की मौत हुई है। मलबे के पास से बुरी तरह क्षत-विक्षत शव के टुकड़े मिले हैं। बताया जा रहा है कि हादसे से पहले तकनीकी कारणों से पायलट इजेक्ट नहीं कर पाए।

### सूरतगढ़ से उड़ा था ट्रेनी जगुआर जेट

सेना के सूत्रों के मुताबिक यह जगुआर फाइटर जेट श्रीगंगानगर के पास सूरतगढ़ एयरबेस से उड़ा था। यह जेट टू सीटर था, ट्रेनिंग के लिए इसका उपयोग किया जाता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक उन्होंने पहले विमान की गड़गड़ाहट सुनी, फिर जोरदार धमाके की आवाज आई। इसके बाद प्रशासन को घटना की जानकारी दी गई। घटना के ठोस कारणों का पता फिलहाल नहीं चला है। अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। घटनास्थल पर सेना का एक हेलिकॉप्टर भी पहुंचा है, इस हेलिकॉप्टर को सड़क पर लैंड कराया गया।

पिछले 5 महीनों में देश भर में तीन जगुआर क्रैश हो चुके हैं।

# गुजरात में पुल टूटा, चलती गाड़ियां नदी में गिरीं

## 11 लोगों की मौत, 8 को बचाया, मध्य गुजरात का सौराष्ट्र से संपर्क टूटा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में महिसागर नदी पर बना ब्रिज बुधवार सुबह टूट गया। हादसे के समय ब्रिज से गाड़ियां गुजर रही थीं। पुल टूटने पर दो ट्रक, दो कार और एक रिक्शा कुल पांच गाड़ियां नदी में गिर गईं। एक टैंकर टूटे सिरे पर फंस गया। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 8 को स्थानीय लोगों ने बचाया। फायर ब्रिगेड की तीन टीमें रेस्क्यू के लिए भेजी गई हैं। 45 साल पुराना यह ब्रिज मध्य गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता था। पुल टूट जाने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड जैसे दक्षिण गुजरात के शहरों से सौराष्ट्र पहुंचने में ज्यादा समय लगेगा। अब इसके लिए अहमदाबाद होते हुए लंबा रास्ता लेना पड़ेगा।



### हादसे के लिए प्रशासन जिम्मेदार

हादसे के बाद तुरंत ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और लोगों को रेस्क्यू किया। एक स्थानीय युवक ने बताया कि हम सुबह से ही बचाव अभियान चला रहे हैं। अब तक 9 शव बरामद हुए हैं, जिनमें से एक बच्चा है और एक बच्चा लापता है। इस दौरान हमें प्रशासन और अधिकारियों से कोई मदद नहीं मिली है। इनका कहना है कि 45 साल पुराने इस पुल की मरम्मत के लिए प्रशासन को कई बार सूचित किया जा चुका है। प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई न किए जाने के कारण आज यह हादसा हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस हादसे के लिए पूरी तरह से प्रशासन ही जिम्मेदार है।

हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है।































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**